उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-18)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 03 जून, 2024

तपती गर्मी से बचाने के लिए यातायात टीएसआई ने रिक्शा वालों को ओढ़ाई तौलिया 8

'भाजपा के खिलाफ राजनीतिक तापमान' अखिलेश यादव 4

भाजपाई एग्जिट पोल के जरिए जनमत को धोखा दिया जा रहा : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) को भाजपाई एग्जिट पोल करार देते हुए रविवार को कहा कि ''घपला'' करने की गुंजाइश बनाने के लिए की गई इस कवायद के जरिए जनमत को धोखा दिया जा रहा है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई टिप्पणी में कहा, 'एग्जिट पोल' का क्रम समझिए- विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि 'भाजपाई मीडिया' भाजपा को 300 पार दिखाएगा, ताकि घपला करने की गुंजाइश बन सके। आज का ये 'भाजपाई एग्जिट पोल' कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था। इसे चैनलों ने बस आज चलाया है।''उन्होंने आरोप लगाया कि इस 'एग्जिट पोल' के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस 'एग्जिट पोल' को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलने वाले शेयर बाज़ार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं। अखिलेश ने कहा, ''अगर ये 'एग्जिट पोल' झूठे न होते और सच में भाजपा हार न रही होती तो भाजपा नेता अपनों पर ही इल्जाम न लगाते।

भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे सारी सच्चाई बयान कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि भाजपा नेता यह बात समझ रहे हैं कि पूरे देश का परिणाम चंडीगढ़ के महापौर पद के चुनाव की तरह बदला नहीं जा सकता क्योंकि इस बार विपक्ष पूरी तरह से सजग है और जनाक्रोश भी चरम पर है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, '' 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और प्रत्याशी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की निगरानी में एक प्रतिशत भी चूक न करें। 'इंडिया' गठबंधन जीत रहा है इसलिए चौकन्ने रहकर मतगणना कराएं और जीत का प्रमाणपत्र लेकर ही विजय का उत्सव मनाएं।''उन्होंने साथ ही कहा कि 'एग्जिट पोल' का आधार ईवीएम नहीं डीएम (जिलाधिकारी) है।

उन्होंने कहा, ''प्रशासन याद रखे कि जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता''लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है।

यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है

लोकसभा चुनाव के अनुमानों पर बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकांश एग्जिट पोलों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि, कांग्रेस इसको लगातार खारिज कर रही है। इन सब के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है। जब उनसे इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, क्या आपने सिद्धू मूस वाला का गाना 295 सुना है? 295 ।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमने अपने पीसीसी अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों, प्रभारियों और उम्मीदवारों से चर्चा की है, वे सभी बहुत आश्वस्त हैं। यह एग्जिट पोल सरकार के लिए एक फर्जी पोल है। इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी और निश्चित रूप से सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा निवर्तमान प्रधानमंत्री, जिस व्यक्ति को 4 जून को निश्चित रूप से जाना होगा, उसने इन सभी चीजों की साजिश रची है और एग्जिट पोल को प्रबंधित किया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल और 4 जून के नतीजों में बहुत बड़ा अंतर होगा। इंडिया गठबंधन की कल एक बैठक हुई थी, हमने संख्याओं पर विस्तार से चर्चा की, यह असंभव है कि इंडिया गठबंधन को 295 से नीचे कुछ भी मिलेगा। लगभग सभी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई है, जिसमें बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने एनडीए के लिए 361-401 सीटों का अनुमान लगाया है, जिसमें बीजेपी ने बंगाल, तेलंगाना और ओडिशा में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये एग्जिट पोल सिर्फ माहौल बनाने के लिए हैं कि इंडिया गठबंधन हार गया है, यह एक मनोवैज्ञानिक खेल है। हम इसका विरोध करेंगे... हम जानते हैं कि हम 4 जून को निवर्तमान प्रधानमंत्री को अलविदा कहेंगे।

केजरीवाल का तिहाड़ जेल में सरेंडर

कोर्ट ने 5 जून तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत 1 जून को समाप्त होने के बाद आज (2 जून) राष्ट्रीय राजधानी की तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले उन्होंने रविवार को राजघाट जाकर कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर से केजरीवाल राउज एवेन्यू रोड स्थित आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित किया।आप के राष्ट्रीय संयोजक के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पार्टी नेता, जिनमें दिल्ली के मंत्री आतिशी, कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और संदीप पाठक, और नेता दुर्गेश पाठक, राखी बिड़ला और रीना गुप्ता शामिल थे। दिल्ली कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 5 जून (बुधवार) तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. अदालत ने कहा कि ईडी ने हाल ही में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। अंतरिम जमानत पर होने के कारण आवेदन लंबित था। आज उनके सरेंडर के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट के ड्यूटी जज ने अर्जी ली।

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)

बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT

638y-1, Block Kidwai Nagar

Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur

Owner Management Suresh Sahu

M.-8303637506, 9792526852

Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com

Jai Ambey Traders

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

ईदुल अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502,9335908846

संपादकीय

जानलेवा गर्मी

नित नये रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी स्पष्ट संकेत दे रही है कि समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी खाद्य सुरक्षा शृंखला भी टूटेगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। निश्चित रूप से यह तापमान उन लोगों के बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम आने पर, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षत- कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। पेट में पर्याप्त भोजन का अभाव कुपोषण को जन्म देता है। जिसके चलते व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। लेकिन विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के हमारे दरवाजे पर दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं ।दरअसल, गर्मी के प्रभाव से हाइपरटेंशन, निर्जलीकरण, लू लगने के अलावा मानव स्वास्थ्य से जुड़े कई तरह के संकट सामने आ रहे हैं। कई तरह के मानसिक रोगों की भी आशंका जतायी जा रही है। जिसकी वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन सार्वजनिक स्वास्थ्य की आपात स्थितियों के पैदा होने की आशंका जता रहे हैं। बहरहाल, रिकॉर्ड तोड़ते तापमान के दुष्प्रभावों को कम करने के लिये सरकारों को नीतिगत उपायों को लागू करने को प्राथमिकता देनी होगी। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे।

चुनावी नफे-नुकसान के गणित में न झुलसे समरसता

जो एक बड़े उद्देश्य की पूर्ति के संभव बनने का आश्वासन देते हैं। बड़ा उद्देश्य इस देश के हर नागरिक को अहसास करना है कि यह देश उसका है, हम सब विभिन्न धर्मों में भले ही आस्था रखते हों, पर हैं हम सब भारतीय। भारतीयता का यह पवित्र अहसास जगना चाहिए हमारे भीतर। सांप्रदायिकता फैलाना अपने आप में एक गंभीर अपराध है। ऐसा करने वालों को उचित दंड मिले, वे यह अपराध करने से डरें, ऐसी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। चुनाव-प्रचार के दौरान और अन्यथा भी यदि कोई अपनी कथनी या करनी से समाज में सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश करता है तो उसे अपराध के रूप में लिया जाना चाहिए। चुनाव आयोग का भी दायित्व बनता है कि वह इस दिशा में गंभीरता से सोचे, धर्म के नाम पर वोट मांगना और धर्म के नाम पर वोट देना दोनों ग़लत हैं। ग़लत को सही ठहराने की हर कोशिश का विरोध होना चाहिए। जागरूक नागरिक का दायित्व है कि वह ऐसी हर कोशिश को विफल बनाने का एक माध्यम बने।

उस दिन अखबारों के पन्ने पलटते हुए अचानक एक समाचार पर नज़र पड़ गयी। समाचार दक्षिण भारत के किसी कस्बे का था जहां के मुसलमानों ने अपने हिस्से की कुछ ज़मीन मंदिर बनाने के लिए दान कर दी थी। वैसे यह कोई अनोखा समाचार नहीं है, इस तरह की घटनाएं हमारे देश में घटती रही हैं जहां हिंदू या मुसलमान धार्मिक सौहार्द का परिचय देते रहे हैं। कभी हिंदुओं-मुसलमानों द्वारा रामनवमी साथ मिलकर मनाने और कभी ईद मिल-जुलकर मनाने का समाचार मिल जाता है। कुछ अर्सा पहले बंगाल में एक मंदिर में नमाज पढ़े जाने का समाचार आया था। इसी तरह कहीं एक हिंदू ने कब्रिस्तान के लिए ज़मीन दे दी थी। यह सब देखते हुए दक्षिण भारत के एक कस्बे में मुसलमान द्वारा मंदिर के निर्माण के लिए अपनी ज़मीन देने का समाचार बहुत चौंकाता नहीं है।फिर भी वह समाचार पढ़कर यूं ही मन में ख्याल आया कि चुनाव के दौरान जिस तरह का वातावरण देश में जाने-अनजाने बनाया जा रहा है उसमें इस तरह के समाचार को भीतर के किसी पन्ने लायक ही क्यों समझा गया ? क्यों विस्तार से इस बारे में बात नहीं हुई। फिर, न जाने क्यों मैं दिन के कुछ और अखबारों के पन्ने पलट गया। मुझे कुछ अटपटा लगा जब किसी और अखबार में वह समाचार नहीं दिखा !

होना चाहिए था यह समाचार अखबारों में। खासकर तब जबकि देश में हो रहे चुनावों के चलते सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं कुछ ज़्यादा ही दिखने लगी हैं। हम अक्सर अपनी गंगा-जमुनी तहजीब पर गर्व करते हैं। यह तहजीब है भी गर्व करने लायक। पर आज जिस तरह राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित ने हमारी इस तहजीब का चेहरा विकृत कर दिया है, उसे देखते हुए किसी मुसलमान द्वारा मंदिर के निर्माण के लिए अपनी ज़मीन देने की घटना का समाचार किसी एक अखबार के भीतरी पन्ने में छोटी-सी जगह पाने से कहीं अधिक महत्व पाने का हकदार माना जाना चाहिए।

हमने अपने संविधान में अपने देश को धर्मनिरपेक्ष घोषित किया है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम अधार्मिक हो गये हैं। इसका सीधा-सा अर्थ है हम सब धर्मों को समान दृष्टि से देखते हैं। यहां की सरकार किसी एक धर्म को तरजीह नहीं देगी। धर्म के नाम पर किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा हर एक को अधिकार होगा कि वह अपने ढंग से पूजा-अर्चना कर सके, अपनी आस्था के अनुसार जी सके। लेकिन इस आम चुनाव के प्रचार-काल में जिस तरह धर्म को वोट पाने-मांगने का माध्यम बनाया गया। उसे देखकर उन सबको चिंता होनी चाहिए जो देश के संविधान में आस्था रखते हैं और जिन्हें देश की गंगा-जमुनी सभ्यता पर गर्व है। प्रचार के दौरान जिस तरह धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण के प्रयास हुए हैं वह चिंता की बात तो है ही, शर्म की बात भी है। देश के शीर्ष नेतृत्व से इस तरह की बातें सुनना किसी भी विवेकशील नागरिक को परेशान करने वाली बात होनी चाहिए। चुनावी सभा में हमारे नेता जहां एक ओर 'सबका साथ, सबका विकास' की दुहाई देते हुए राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिलने की बात कह रहे थे, वहीं तुष्टीकरण का तर्क देकर विपक्ष को आरोपी भी बना रहे थे। 75 साल तक एक पंथ-निरपेक्ष व्यवस्था में जीने के बाद इस तरह के ध्रुवीकरण का एक ही मतलब हो सकता है हम पंथ-निरपेक्षता की बात तो करते हैं, पर उसमें विश्वास नहीं करते। या तो ध्रुवीकरण के पक्षधर अपने आप को धोखा दे रहे हैं, या फिर दूसरों की समझ में शक करते हैं।

हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच-समझकर पंथ-निरपेक्षता को स्वीकारा था। यहां इस बात को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि जब हमारा संविधान बन रहा था तो वही समय देश के विभाजन का भी था। यह भी नहीं भूला जा सकता कि इस विभाजन का मूल आधार धर्म ही था। यही नहीं, विभाजन के परिणामस्वरूप बने नए देश पाकिस्तान ने स्वयं को मुस्लिम राष्ट्र घोषित भी कर दिया था। लाखों शरणार्थियों का एक से दूसरे देश की ओर पलायन मनुष्यता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। संविधान-सभा में यह तर्क भी दिया गया था कि जब धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है तो फिर भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों न घोषित किया जाये। पर मनुष्यता में विश्वास करने वालों की संख्या अधिक थी- धर्म के नाम पर देश का बंटवारा भले ही हुआ था, पर हमारे नेतृत्व ने भारतीय समाज को हिंदू-मुसलमान में बांटना स्वीकार नहीं किया।

लेकिन यह दुर्भाग्य ही है कि बंटवारे के इस आधार को मानने वाले आज भी देश में हैं। आज भी धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिशें होती हैं। सांप्रदायिक सोच वाली यह राजनीति वोट जुटाने का साधन भले ही मानी जा रही हो, पर यह भारत की आत्मा को चोट ही पहुंचा रही है। इन चुनावों में भी हमने देखा है कि धर्म के नाम पर खुले आम वोट मांगे गये हैं। मज़े की बात यह है कि देश का शीर्ष नेतृत्व यह कहता है कि वह 'हिंदू-मुसलमान नहीं करता' और उन्हीं के दल की असम सरकार का मुखिया स्पष्ट स्वीकारता है कि वह ऐसी राजनीति करता है और वह इसमें कुछ ग़लत नहीं मानता।

ग़लत है यह सांप्रदायिकता वाली राजनीति। ग़लत है वे जो यह मानते हैं कि इस देश का अल्पसंख्यक दूसरे दर्जे का नागरिक है। तुष्टीकरण की राजनीति को कोसने वाले यह भूल जाते हैं कि ध्रुवीकरण एक तरफा नहीं होता, यदि देश के मुसलमानों का वोट बैंक बनता है तो उससे कहीं बड़ा, बहुत बड़ा वोट बैंक हिंदुओं का बन जाता है। पिछले आम-चुनाव के समय एक राजनेता ने स्पष्ट कहा था कि उन्हें देश के बीस प्रतिशत अल्पसंख्यकों की आवश्यकता नहीं है- वे आश्वस्त थे कि देश की बहुसंख्यक आबादी के अस्सी प्रतिशत उन्हें समर्थन देंगे। अस्सी प्रतिशत किसी का वोट बैंक नहीं। सारे बहुसंख्यकों के प्रतिनिधित्व का दावा करने वालों को कभी चालीस प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले। इसका अर्थ है साठ प्रतिशत मतदाता उनकी सांप्रदायिक राजनीति के समर्थक नहीं हैं।

विवेक का तकाज़ा है कि सांप्रदायिकता की राजनीति करने वालों को सफल न होने दिया जाये। हो चुका एक बार धर्म के नाम पर देश का बंटवारा। धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को यह याद रखना चाहिए कि देश में, या समाज में, इस तरह का बंटवारा निजी स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम भले ही बन जाये, कुल मिलाकर उसे मनुष्यता के खिलाफ एक षड्यंत्र ही माना जायेगा। दक्षिण भारत के उस कस्बे में मंदिर के निर्माण के लिए मुसलमानों ने, और बंगाल के एक मंदिर में नमाज पढ़ने की सुविधा देकर हिंदुओं ने मनुष्यता की राह में दीपक जलाये हैं। ये छोटे-छोटे उदाहरण हैं ।

विश्व तंबाकू दिवस: जागरूकता अब ज़रूरी है

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी बुराइयों या बुरी आदतों शौक या कार्यकलाप हैं,जिन्हें रोकने के लिए 195 से अधिक देशों की सदस्यता से बना संयुक्त राष्ट्र द्वारा उस आदत, वस्तु को रोकने निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसके लिए जन जागरण या निषेध दिवस मनाया जाता है जो काबिले तारीफ है। उसी कड़ी में 31 मई 2024 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जा रहाहै,जो हर सालमनाया जाता है। परंतु मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि दुनियां के हर देश व हर राज्य द्वारा इससे संबंधित कानूनो में अब संशोधन करने का समय आ गया है ।अब तंबाकू और उससे बनी वस्तुओं पर पूरी तरह से बैन और उल्लंघन करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाए। हालांकि भारत के अनेक राज्यों में तंबाकू व उससे बने पदार्थों पर बैन लगा हुआ है, परंतु उस पर सख्ती की अत्यंत भारी कमी देखने को मिल रही है ।इस संबंधमें इस आर्टिकल को लिखने के पीछे मैं खुद एक हफ्ते से रिसर्च व ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहा था, जिसकी चर्चा हम नीचे के पैराग्राफ में करेंगे, तो मैंने पाया कि तंबाकू विक्रेताओं पर अति सुस्ती से कार्रवाई होती है, मार्केट में खुलेआम तंबाकू बिकते दिखा अनेक गोदाम पैक रखे हुए, विक्रेता मलाई से लबालब शालीनता वाली जिंदगी मे मस्त दिखे। असल में होता यह है कि हफ्ताखोरी के कारण जो रेड होता है, उसकी जानकारी संबंधित ऑनर को उस डिपार्टमेंट के भेदियों से मिल जाती है और माल ठिकाने लग जाता है या सेटिंग से कम दिखाया जाता है, केस ढीला कर दिया जाता है, आरोपी को शीघ्र जमानत मिल जाती है, फिर कारोबार का चक्र उसी तरह चलते रहता है रिकॉर्ड में रेड दिखाई जाती है पर होता जाता कुछ नहीं, यह कहानी मेरा मानना है कि शायद हर जिला प्रशासन में हो सकती है। इस प्रकार के मदिरा व्यापारमें मैंनें अभी तक कोर्ट से सजा नहीं देखी या सुननी है। आरोपी छूट जाता है मामला रफादफा हो जाता है और हम केवल और केवलजागरूकता दिवस, निषेध दिवस मनाते रह जाते हैं जिसपर शायद शासन प्रशासन को गंभीरता से विचार करना जरूरी है। चूंकि 31 मई 2024 को हम तंबाकू निषेध दिवस मना रहे हैं, जबकि जागरूकता दिवस के साथ अति कानूनी सख्ती भी अत्यंत तात्कालिक जरूरी है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, तंबाकू निषेध जनजागरण के दिन लद गए, अब

तंबाकू विक्रेता और सेवनकर्ता दोनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई पर विचार करना समय की मांग है। साथियों बात अगर मेरे द्वारा दिनांक 23 से 29 मई 2024 तक तंबाकू सेवनकर्ताओं से ग्राउंड रिपोर्टिंग बातचीत की करें तो, मैं सब्जी मंडी, मॉल, सिनेमाघर, पेट्रोल पंप किराना बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर दैनिक रूटिंन में जाकर देखा तो अनेकों के हाथ में झिल्ली में लपेटा हुआ या पाउच में डाला हुआ गुटका तंबाकू दिखा। मैंनें जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा हमें मालूम है कि पाउच के ऊपर लिखा रहता है तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है,परंतु फिर भी हम खा रहे हैं। हालांकि तंबाकू पर यहां बैन लगा हुआ है फिर भी खुले आम विक्रेताओं बीच सेवनकर्ता सेवन कर रहे हैं। जब मैं उनके दांतों के सड़न के बारे में बात की तो उन्होंने कहा तंबाकू से ही सब गए हैं। मैंनें कैंसर की बात की तो उन्होंने कहा आगे चलकर हमें कैंसर हो सकता है, फिर भी बेफिक्र होकर तंबाकू खाते दिखे तो मुझे लगा अब जनजागरण फैलाने के साथ-साथ अत्यंत सख्त कार्रवाई करना लाजमी है और संबंधित विभाग को ऊपर से टारगेटेड कार्रवाई केस देने का दबाव बनाना जरूरी हो गया है परंतु या फिर निक्कमे अधिकारियों का निलंबन करना समय की मांग है, क्योंकि ऐसा हो ही नहीं सकता कि तंबाकू सेवन या विक्रेता के केस ना हो, अधिकारी एक ढूंढेंगे तो हजारे केस मिल जाएंगे, इसका स्वत: संज्ञान मंत्रालय स्तर से लेना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 31 मई 2024 को तंबाकू निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियां भर में हर साल 31 मई को वर्ल्ड नो टोबैको डे या एंटी-टोबैको डे मनाया जाता है। हिंदी में इसे विश्व तंबाकू निषेध दिवस या तंबाकू विरोधी दिवस कहते हैं। हर कोई जानता है कि तंबाकू खाना उनकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन इसके बावजूद लोग इसके सेवन से कभी परहेज नहीं करते। इसलिए, तंबाकू विरोधी दिवस पर लोगों को जागरूक करने, तंबाकू को छोड़ने और कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक किया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 का विषय या उसकी थीम तंबाकू उद्योग की दखल से बच्चों की रक्षा करना है, ताकि भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल में गिरावट जारी रहे। इस साल, तंबाकू उद्योग के युवाओं को टारगेट कर बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिया गया है ।विश्व तंबाकू निषेध दिवस का महत्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है ।क्योंकि सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म वगैरह के जरिए दुनियां भर में युवा तेजी से तंबाकू प्रोडक्ट्स के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं। यह उनके स्वास्थ्य और समाज के कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियां भर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि ज्यादातर देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। 13 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों पर बढ़ रहा खतरा युवाओं में धूम्रपान का प्रचलन बना हुआ है और कई देशों में यह बढ़ रहा है। 13 से 15 वर्ष की आयु के 38 मिलियन से अधिक बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल कर रहे हैं। साल 2022 में, 15 से 24 साल के बच्चों के बीच पॉपुलर टीवी और वेब शो में तंबाकू वाले विजुअल्स में 110 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अक्सर धूम्रपान को ग्लैमरस और कूल के रूप में दिखाते हैं ।टुथ इनिशिएटिव के अनुसार, स्क्रीन पर धूम्रपान की तस्वीरें देखने पर युवाओं में स्मोकिंग शुरू करने की संभावना तीनगुना तक बढ़ जातीहै जो रेखांकित करने वाली बात है जिसे ध्यान में रखना होगा।

किशन सनमुख़दास भावनानी

मिस नार्थ इंडिया 2024 सौंदर्य प्रतियोगिता चंडीगढ़ में पहली बार 5 जून को

ब्यूटी पेजेंट शो 'मिस नार्थ इंडिया 2024' का आयोजन मुम्बई इवेन्ट कंपनी और माय ड्रीम इंडिया फाउंडेशन के बैनर तले चर्चित गारमेंट्स व्यवसायी रामप्रसाद शर्मा द्वारा पांच जून को चंडीगढ़ में किया जाएगा। मिस नार्थ इंडिया 2024 सौंदर्य प्रतियोगिता में लगभग 25 से ज्यादा अलग अलग शहरों से चुनी हुई प्रतिभागी हिस्सा लेंगी। इन सभी प्रतिभागियों के चुनाव ऑनलाइन कॉन्टेस्ट के द्वारा किया गया है। पांच जून को होने वाले इस सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन राउंड होगा उसके बाद विजेता का चुनाव किया जाएगा। इस आयोजन के पूर्व रामप्रसाद शर्मा मुम्बई में भी कई ब्यूटी शो का आयोजन कर चुके हैं। दिल्ली के मूल निवासी रामप्रसाद शर्मा भविष्य में टीवी धारावाहिक का निर्माण करने की योजना भी बना रहे हैं। 1994 से ही गारमेंट व्यवसाय के साथ फैशन इंडस्ट्री से उनका जुड़ाव रहा है। इस ब्यूटी शो के सहयोगी मयूरी मीडिया नेटवर्क के पुनीत खरे और मुंबई ग्लोबल न्यूज़ के संपादक राज कुमार तिवारी हैं। इस शो के जज हैं अभिनेत्री और मॉडल महिमा गुप्ता और ज्योति यादव, प्रोफेसर नैंसी चौहान, गायक राकेश कपूर, फैशन इंस्टिट्यूट से श्याम पांडेय। यह शो शालीनता के परिदृश्य और मापदंड में आयोजित किया गया है इसमें वेस्टर्न, एथेनिक और साड़ी जैसे परिधानों को रखा गया है। नए और डिजानर परिधानों का भी संकलन और झांकी इस शो के माध्यम से प्रदशित की जायेगी। मिस नार्थ इंडिया 2024 में सुंदरता और बुदिमत्ता का मिलन देखने को मिलेगा। यह भव्य आयोजन पहली बार चंडीगढ़ में सम्पन्न होगा। मिस नार्थ इंडिया 2024 ब्यूटी पेजेंट शो में विजेता को कैश प्राइज, क्राउन से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही हिंदी म्यूजिक वीडियो में बतौर मॉडल और अभिनेत्री काम करने का मौका दिया जाएगा।

प्रस्तुति: काली दास पाण्डेय

लोकतंत्र का मंदिर आपका इंतजार कर रहा है

पंकज कुमार मिश्रा, व्यंग्यकार / पत्रकार जौनपुर, यूपी

पूरी दुनियां में लोकसभा के सबसे बड़े महापर्वका आयोजन भारत में शुरू है,जिसका अंतिम चरण 1 जून 2024 को होगा जिसमें 57 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होने के साथ ही इस महापर्व का समापन होगा और इसके नतीजे 4 जून 2024 को सुबह से ही आने शुरू हो जाएंगे,जिसपर पूरी दुनियां की नजरे एकटक लगी हुई है, क्योंकि मुझे ऐसा लगता है की पूरी दुनियां को उम्मीद है कि यहीं से दुनियां के विकास की गाथा लिखने का नया अध्याय शुरू होगा, क्योंकि पूरी दुनियां के बड़े-बड़े नेतृत्व इसका इंतजार कर रहे हैं, फिर भारत से अपनी पहल शुरू करेंगे। चूंकि अभी पिछले दो माह से चुनावी तैयारीयों का पारा चढ़ा हुआ है, व हर पार्टी का नेतृत्व इस महापर्व की चुनावी सेवा मस्ती में मस्त है, परंतु 4 जून 2024 के बाद हम देखेंगे कि बहुत तेजी से विकास की गाड़ी पटरी पर दौड़ेगी,अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी मेरा ऐसा मानना है कि, मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु सबसे बड़ा पल अभी यह है कि भिन्न-भिन्नसांसदों का नवांगुत संसद भवन में स्वागत और लोकतंत्र के मंदिर की धूल अपने माथे पर लगाने के लिए सभी उम्मीदवार अति उत्सुक हैं, परंतु चूंकि हजारों उम्मीदवार हैं और सीटें केवल 544 हैं,इसीलिए

सबकीनज़रें लगी हुई है कि कौन है वह भाग्यशाली जो पवित्र मंदिर की दहलीज पर सांसद बनकर कदम रखेंगे ।हालांकि इसके लिए चुनाव आयोग और संसद भवन के अधिकारियों की चर्चा होकर लोकसभा भवन में तैयारी का दौर शुरू है हो चुका है इसलिए अधिकारियों की एक समिति का गठन भी कर दिया गया है जो तैयारी कर रहे हैं, इस तरह नए सांसदों को खासकर जो पहली बार चुनकर आ रहे हैं उनको कोई तकलीफ ना हो उनके लिए दिल्ली आने पर एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन वह अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर सचिवालय की तरफ से काउंटर बनाए जा रहे हैं, ताकि शालीनता से उन्हें गंतव्य स्थान पर पहुंचा जा सके। मेरा मानना है कि हर उम्मीदवार इसकी चाहत लगा बैठा है। परंतु चुंकि 18वीं लोकसभा के गठन का दिन बहुत नजदीक आ गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकतंत्र के पवित्र मंदिर लोकसभा भवन में जनता के नुमाइंदों के स्वागत की तरह तैयारी स्वागत योग्य है ।साथियों बात अगर करहम 18वीं लोकसभाकी तैयारीयों वआगंतुक सांसदों के स्वागत की करें तो,देश में लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो चुके है। अखरी सातवें चरण का चुनाव बचा हैं और चार जून को देश में किसकी सरकार बनेगी यह तय हो जायेगा ।चुनाव के बीच ही 18वींलोकसभा को लेकर संसद में तैयारियां शुरू हो गयी है। नये सांसदों को सुविधा मुहैया कराने के लिए अधिकारियों की विशेष टीम का गठन किया गया है और सांसदों के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं ।नये सांसदों के दिल्ली आने पर विशेष काउंटर पर लाने के लिए,एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन और प्रमुख जगहों पर विशेष टीम तैयार रहेगी और सांसदों को पंजीकरण के लिए काउंटर पर लाने का काम करेगी, इस काम के लिए लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। जो सांसद पहली बार चुनकर आयेंगे, उसपर विशेष ध्यान रखा जायेगा, जिससे उन्हें किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। नये सांसदों को पहले दिन काउंटर पर स्मार्ट कार्ड जारी किया जायेगा। साथ ही उनके ठहरने की उचित व्यवस्था भी होगी। गैर हिंदी भाषी क्षेत्र के सांसदों के लिये उस भाषा के जानकार अधिकारियों को तैनात किया जायेगा ।नये सांसदों को आवास के साथ फोन कनेक्शन, सांसद के वाहन के लिए फास्टैग, संसद भवन आने के लिए स्मार्ट कार्ड, सांसदों का बैंक खाता खोलने, डिप्लोमेटिक पासपोर्ट के लिए आवेदन,स्वास्थ्य सुविधा और अन्य जरूरी सेवा काउंटर पर उपलब्ध होगी पार्लियामेंटके एनेक्सी यासंविधान सदन में इस बाबत एक बड़ा काउंटर बनाया जायेगा, जहां सभी तरह की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। नये सांसदों के लिए दिल्ली के विभिन्न राज्यों के भवन सहित सरकारी गेस्ट हाऊस जैसे वेस्टर्न कोर्ट आदि में कमरे बुक कराने की व्यवस्था की जा रही है।

अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सज़्पादक

आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:
मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

एडीजी ने कप्तानों के साथ की गूगल मीट

4 जून को सम्पन्न होने वाली मतगणना को निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए तैयारी शुरू

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर ज़ोन के एडीजी आलोक सिंह द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की आगामी चार जून को सम्पन्न होने वाली मतगणना को निष्पक्षता,पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तैयारी तेज कर दी है।इसीके चलते एडीजी ने बुधवार को वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से कानपुर जोन के परिक्षेत्रीय तथा सभी आठो जिलों के कप्तानों के साथ आगामी मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी तथा समीक्षा गोष्ठी के दौरान प्रदर्शित कमियों को शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु सख्त निर्देश दिए।इसी क्रम में उन्होंने संबंधित को कर्तव्यों का बोध कराते हुए निर्देश दिए कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादित कराये जिसमे मतगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ पूर्ण किया जा सके.

पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस उपायुक्त पूर्वी व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन व कुशल नेतृत्व में थाना हाजा पर अभियुक्तगण कमलेश पासवान पुत्र स्व0 बाबादीन निवासी एलआईजी 235 के0डी0ए0 कालोनी रामपुरम श्यामनगर थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 42 वर्ष विकास पासवान पुत्र कमलेश कुमार निवासी एलआईजी 235 के0डी0ए0 कालोनी रामपुरम श्यामनगर थाना चकेरी कानपुर नगर सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को जीजस स्कूल रामपुरम तिराहा एन.एच. 2 हाईवे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है दौराने गिरफ्तारी मा0 उच्च न्यायालय / मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों/ निर्देशों का पालन किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुये नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

नौतपा के चलते कानपुर कन्या महाविद्यालय द्वारा किया गया शरबत का वितरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर कन्या महाविद्यालय इण्टर कालेज में नौतपा के चलते हुए स्काउट गाइड की छात्रों के द्वारा राहगीरों को शरबत वितरण किया गया।प्रधानाचार्य श्रीमती ममता त्रिवेदी के निर्देशानुसार कॉलेज की स्काउट गाइड कैप्टन शैलजा रावत ने बच्चों के साथ मिलकर गर्मी से राहत दिलाने के लिए के लिए शरबत वितरण किया गया। जिसमें से हजारों की संख्या में लोगों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली। सभी को बच्चियों ने अपने हाथों से शरबत बनाकर पिलाया स्वच्छ भारत के तहत बच्चों ने रहागीरों से अपील भी की शरबत पीने के बाद अपने गिलास को डस्टबिन में अवश्य डालें ताकि रोड पर किसी भी प्रकार की गंदगी ना रह सके और लू से बचने के उपाय भी बताए गए।

प्रधानाचार्य श्रीमती ममता त्रिवेदी ने अपने हाथों से राहगीरों को शरबत पिलाया कहा गर्मी से बचने के लिए पानी वह शरबत और इलेक्ट्रोल तथा लिक्विड का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें।स्काउट्स गाइड कैप्टन शैलजा रावत वह छात्रोंऔ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।लोगों को अपने हाथों से शरबत वितरण किया। कानपुर कन्या महाविद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ममता त्रिवेदी,कैप्टन शैलजा रावत, नेहा मिश्रा, अंकिता, माया अवस्थी, वीना वर्मा, धर्मेंद्र पाठक, शशि शेखर, अभिषेक, आशीष, तथा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

बडबोले सपा के पूर्व पार्षद सलीम बेग की फोन रिकार्डिंग वायरल

मेयर-योगी ने दी पार्क में कब्जे की अनुमति ◀◀ नगर निगम के महिला पार्क में कब्जा कर सलीम बेग और उसका लडका फेज चलवा रहा था अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन ◀◀ नगर निगम और केस्को के पत्रों के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही थी अनवरगंज पुलिस ◀◀ क्षेत्र में अपने दबदबे के दम पर साम्राज्य चला रहा सलीम बेग और उनके गुर्गे

बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना अनवरगंज के रजबी रोड पर स्थित नगर निगम के महिला पार्क में कब्जा करके पूर्व सपा पार्षद सलीम बेग के सरंक्षण में अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन चलाया जा रहा था।

दो दिन पूर्व केस्को की टीम ने छापा मारा तो मौके पर 8 ई-रिक्शा चार्ज होते पाए गए। केस्को ने मुकदमा दर्ज करवाया है। अपने दबदबे के दम पर पार्क में कब्जा करने वाले सलीम बेग को पुलिस का संरक्षण भी मिल रहा। क्यों कि तमाम शिकायत ओर विभागीय पत्रों के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

शिकायतकर्ताओं की ओर से एक मोबाइल रिकार्डिंग दी गई है।इसमें शिकायतकर्ता सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति के अध्यक्ष उमेश तिवारी उर्फ डब्बू ने सलीम बेग को फोन करके पार्क में कब्जे के बारे में जानकारी ली तो वह बडे रौब से बता रहा है कि कोई कुछ नही कर पाएगा।

उसका बडबोलापन यही नहीं रूका, आगे वह कहता है कि पार्क में कब्जाकर चार्जिंग स्टेशन चलाने के लिए मेयर प्रमिला पांडेय से और सीएम योगी से अनुमति दी गई है। इसके बाद वह कहता है कि मिलकर बात करता हूं।

यह रिकार्डिंग होली-2024 के आसपास की है। उसमें वह खुलेआम ऐलान करता सुनाई पड रहा है। ऐसे में सबसे बडा सवाल अनवरगंज पुलिस पर उठ रहा है कि शिकायतों पर पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की। वहीं, 3 मई 2024 को उमेश तिवारी दोबारा पार्क साइड पहुंचे तो सलीम बेग, फैसल बेग, साजेब बेग और उसके साथियों ने अभद्रता कर बंधक बना लिया। विरोध किया तो मारपीट करके एक घंटे तक जबरन धूप में बैठाए रखा और मोबाइल और बाइक की चाबी तक छीन ली।

एक घंटे बाद धमकी देकार छोडा कि यहां पर अब दिख ना जाना दोबारा।इसके बाद पीडित उमेश ने अनवरगंज पुलिस को शिकायत पत्र दिया।

जांच में स्थानीय चैकी इंचार्ज शमशाद अहमद ने उल्टा उमेश तिवारी के खिलाफ ही कार्रवाई का मन बना कर रिपोर्ट तैयार की लेकिन मठ मंदिर समिति के पदाधिकारियों को जानकारी हुई तो विरोध किया तो मामला शांत हुआ लेकिन इस तरह से पुलिस ने सलीम बेग और उसके गुर्गो को बचा लिया।

भाजपा सरकार में ये हाल....

सनातन मठ मन्दिर रक्षा समिति का संघर्ष चल रहा है। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि सपा पूर्व पार्षद सलीम बेग के अवैध चार्जिंग स्टैंड को हमारे पदाधिकारियों ने अपनी जान को रिस्क में डाल कर खुलासा किया। नगर निगम के पार्क पर क़ज़्ज़ा कर ई रिज़्शा चार्जिंग स्टैंड बना लिया, पार्क के फुटपाथ पर दुकाने बना ली हैं। जिससे प्रति माह कई हज़ार किराया वसूला जा रहा है। ई रिज़्शा चार्जिंग स्टैंड में प्रति ईरिज़्शा 3000 महिना लिया जा रहा था, पार्क में लगभग 50 से 100 ई रिज़्शा रोज़ खड़े कर चार्ज होते हैं। सपा का पूर्व पार्सद सलीम बेग भाजपा सरकार में ये कर रहा है तो सपा मे तो जलवा कुछ और ही रहा होगा। इस अवैध कारोबार में स्थानीय पुलिस और केस्को और नगर निगम के कर्मियों का जरुर हिस्सा होगा। इसकी जांच कराई जाएगी।

थाना हनुमंत बिहार को मिली बड़ी सफलता
रेकी कर वाहन चोरी करने वाले 03 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

थाना हनुमंत विहार पुलिस ने बड़ी तादात में 12 अदद मोटर साइकिल, आरसी व 1900 रुपए किए बरामद

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर एवं अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त दक्षिण एवं अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निकट निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध रोकथाम व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हनुमंत विहार पुलिस ने उपरोक्त मुकदमे से संबन्धित वाहन बरामद किया गया तथा साथ में 11 अदद मोटर साइकिल व एक अदद आरसी) संबन्धित वाहन सं0 यूपी 78 BV 9725 हीरो स्प्लेंडर प्लस की बरामद की गयी। जिसके संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 220/24 धारा 41/411 आईपीसी बनाम कुलदीप 03 नफ़र आदि के दर्ज किया गया। अभियुक्तगण कुलदीप यादव आदि 03 नफ़र को गिरफ्तार किया गया।

उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल का अधिष्ठापन एवं सम्मान समारोह संपन्न

नव मनोनीत कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र शर्मा का विधिवत स्वागत हुआ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के तत्वाधान में नव मनोनीत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा दिनेश महाराज के विधिवत अधिष्ठापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर परिक्षेत्र के मंडलाध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार ने की।

मण्डल सलाहकार एवं बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष (दक्षिण) कमलजीत सिंह बग्गा ने अध्यक्ष को लेपल पिन पहना कर पीठासीन किया। प्रदेश संगठन मंत्री ने उत्तरीय पहना के स्वागत किया।

इस अवसर पर महेंद्र शर्मा ने कहा कि शीघ्र ही संगठन के प्रति समर्पित एवं व्यापारिक समस्याओं के लिए सजग सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित की जायेगी। व्यापारी छोटा हो या बड़ा उसकी हर समस्या के लिए संगठन सदैव सजग रहेगा।कमलजीत सिंह बग्गा ने कहा कि जब तक ज़मीनी और नगर स्तर पर संगठन सशक्त नहीं होगा तब तक बड़े से बड़े प्रयोजन सफल नहीं हो सकते। सिद्धार्थ ने कहा कि संगठन शासन से संपर्क कर के व्यापरोन्मुखी योजनाओं को आम व्यापारी तक पहुँचाएगा।

अक्सर आम जनता में इन योजनाओं की जानकारी नहीं होती और योजना लैप्स कर जाती है।

वक्ताओं ने नव मनोनीत अध्यक्ष को बधाई दी और आशा की कि शीघ्र संगठन ज़मीनी स्तर पर आम व्यापारियों के लिए संघर्षरत रहेगा। इस अवसर पर सिद्धार्थ काशीवार,कमलजीत सिंह बग्गा, आनंद गुप्ता,अजय प्रकाश तिवारी,सुखदेव सिंह,अनूप सिंह भदौरिया,राम शंकर वर्मा,मयूर जयसवाल,सुमित कुमार,अच्छे नवाब,सभासद लाला आदि भारी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे।

4 जून को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण

उपस्थिति लेने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर के स्टाफ शहाब सरताज पंकज मिश्रा शरद अवस्थी मोहम्मद परवेज़ आलम अनूप शुक्ला शाहनवाज आलम विवेक पांडे आलोक श्रीवास्तव नवीन सिंह नबील अहमद रविंद्र सिंह सुरेश कुमार महेश प्रताप मोहित मिश्रा अभिषेक कटियार लोकेश शर्मा द्वारा मतगणना कार्मिकों की उपस्थिति ली गई।

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सी एस ए कानपुर नगर में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर हुआ प्रशिक्षण देने वाले सैयद जमालुद्दीन एवं उनके साथियों ने प्रशिक्षण दिया।

मतगणना कार्मिकों की

भीषण आग की गर्मी मे जल समस्या गहराई

चढ़ते पारा के बाद भी रेलबाजार वासियों को झेलना पड़ रहा जलसंकट

बीपीएस न्यूज

कानपुर। रेल बाजार क्षेत्र के गार्डेन नं0 6 मे पिछले कई वर्षो से पानी की टंकी खराब पड़ी हुई है जिसके कारण क्षेत्रवासियों को पेयजल संकट की समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगो का कहना है वह बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। मजबूरीवश दूर-दूर से पानी लाकर अपना काम चलाते हैं। लोगों का यह भी आरो है कि पानी की टंकी खराब होने के कारण कुछ लोग कब्जा जमाने की फिराक में हैं। लोगों का यह भी कहना रहा कि जनप्रतिनिधि चाहे कांग्रेस का हो या भाजपा का। काम करने का तरीका सबका एक ही होता है। क्योंकि जनता की समस्या तो चुनाव के पूर्व ही दिखाई देती हैं। जीतने के बाद सब अपना ही भला करते हैं।कहना रहा कि कैंट बोर्ड द्वारा पानी की टंकी में लगी हुई खराब ट्यूबवेल को कैन्ट बोर्ड द्वारा ठीक करने की आदेश दे दिये गये हैं। इसके बाद भी खराब ट्यूबवेल को बनवाया नहीं जा रहा है। बहरहाल मामला चाहे जो हो, पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। जबकि चढ़ते पारे के बीच भीषण गर्मी में पानी ही जीवन है, वह भी लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे यह साफ हो जाता है कि चाहे जनप्रनितिधि हों या अधिकारी, किसी को भी जनता की कोई चिन्ता नहीं है।

दिव्यांग उत्पीड़न के खिलाफ राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी का किदवई नगर थाने में प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने किदवई नगर थाने में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी के विरूद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करवाने, उत्पीड़न करने के खिलाफ किदवई नगर थाने में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ता भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार मुर्दाबाद मुर्दाबाद, फर्जी मुकदमा खत्म करो, दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला को न्याय दो के नारे लगा रहे थे।थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने मामले के न्याय करने का भरोसा दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस ने बिना तथ्यों की जांच किये कार्यवाही की है, पुलिस बिल्डर व सरदार गुरदीप सिंह के धनबल , बाहुबल के प्रभाव मे आकर दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी रोली शुक्ला पर फर्जी मुकदमा दर्ज किया है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस को अगर मुकदमा दर्ज करना था तो दोनो पक्षों के दस्तावेज देख कर कार्यवाही करनी चाहिए। पुलिस बिना दस्तावेज देखे एकतरफा कार्यवाही कर रही है। भूतल का फ्लैट सरदार गुरदीप सिंह को बेचने के लिये राजेश कुमार शुक्ला को बयाना कि रकम साढ़े सात लाख रूपया नगद व चेक से दिलवा दिया। रजिस्ट्री के लिये तिन माह का समय दिया गया।रजिस्ट्री करने से पहले राजेश शुक्ला ने बिल्डर से फ्लैट का के डी ए से स्वीकृत नक्सा मांगा। बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा ने कहा नक्सा स्वीकृत नही है, तो राजेश कुमार शुक्ला ने फ्लैट की रजिस्ट्री करने से मना कर दिया और सरदार गुरदीप सिंह को बयाने की रकम चेक व नगद वापस कर दिया। उसके बावजूद गुरदीप सिंह पैसा वापस न मिलने का झूठा आरोप बिल्डर से मिल कर लगा रहे है। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अनाधिकृत फ्लैट को गिराने के लिये राजेश शुक्ला ने के डी ए को आई जी आर एस व अन्य माध्यमो से प्रार्थना पत्र दे रखा है। के डी ए में कार्यवाही चल रही है।

आज के प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, राजेश शुक्ला, गौरव कुमार, महेश चन्द्र साहु, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, रोली शुक्ला, धीरेन्द्र केशरवानी, गुलजार, दिनेश यादव आदि शामिल थे

बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने, ओवरलोड सवारी ढोने, गाड़ियों में स्पीकर बजाने में लगे रोक

मार्ग दुर्घटना में 20 फीसदी हो जाते हैं दिव्यांगता का शिकार, 2 जून से शुरू हुआ जागरूकता अभियान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने, ओवरलोड सवारी ढोने, सवारी गाडियों में स्पीकर बजाने में रोक लगनी चाहिए। तेज गति से वाहन चलाने वालों के वाहन जप्त होना चाहिए। मार्ग दुर्घटना में 20 फीसदी के लगभग लोग दिव्यांगता के शिकार हो जाते हैं जो चिन्ता का विषय है। विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि मार्ग दुर्घटना रोकना केवल पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है सभी नागरिकों को भी अपनी स्वयं की सुरक्षा को लेकर जारूक होना चाहिए।विकलांग एसोसिएशन मार्ग दुर्घटना रोकने के लिये 2 जून से जागरूकता अभियान शुरू करेगी और जागरूकता रैली भी निकालेगी।ये निर्णय शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में आयोजित बैठक में लिया गया ।आज कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, अनुराधा

गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, त्रिप्ती खरे, धीरेन्द्र केशरवानी, गुलजार, आदि शामिल थे।

सावधान: सब्जी मसालों में मिले कीटनाशक तत्व

खाद्य एवं औषधि विभाग की लैब रिपोर्ट में चार नमूने अनसेफ

- स्वास्थ्य के लिए बेहत खतरनाक
- विभाग ने मसालों के ब्रिकी पर लगाई रोक

ये मिले अनसेफ मसाले...

यशोदा नगर स्थित रौनियार इंटरप्राइजेज का गरम मसाला अनसेफ पाया गया। इसमें क्लोरपाइरीफोस मिला है। यह एक ऑर्गनोफॉस्फेट कीटनाशक है जिसका उपयोग फसलों, जानवरों और इमारतों और अन्य सेटिंग्स में, कीड़ों और कीड़ों सहित कई कीटों को मारने के लिए किया जाता है।रूमा इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित भोला फूड प्रोडेक्शन प्राइवेट लिमिटेड से लिया गया मीट मसाला के नमूना जांच में अनसेफ मिला है।इसमें एंटरोबैक्टीरियासी रोगजनक बैक्टीरिया (बीमारी पैदा करने वाले एजेंट) मिला है।टीपी नगर स्थित पदमा प्रोडक्ट की फैक्ट्री से लिए सब्जी मसाले का नमूना अनसेफ मिला है। इसमें एथियोन मिला है। इथियन एक ऑर्गनोफॉस्फेट कीटनाशक है।यशोदा नगर स्थित रौनियार इंटरप्राइजेज से सब्जी मसाले का नमूना लिया गया था जो अनसेफ पाया गया। इसमें एंटरोबैक्टीरियासी रोगजनक बैक्टीरिया (बीमारी पैदा करने वाले एजेंट) मिला है।

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्वाद के लिए खाने में डाल जाने वाले मसालों में कीटनाशक पदार्थ पाया गया है। यह स्वास्थ्य के लिए एथिलीन ऑक्साइड से अधिक हानिकारक हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग ने विभिन्न मसालों के 28 सैंपल लिए थे, इनमें से छह की रिपोर्ट आई है। लैब में की गई जांच में चार नमूने अनसेफ पाए गए हैं। यह मसाले खाए जाने के लायक नहीं है। इनमें कीटनाशक, दुषित पदार्थ और हानिकारक संदूषक पाए गए हैं। फिलहाल विभाग ने संबंधित फैक्ट्रियो के मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। सहायक खाद्य आयुक्त विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मसालों के चार नमूने अनसेफ पाए गए हैं। आयुक्त खाद्य सुरक्षा से अनुमति लेने के बाद एमएम कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा। इसमें तीन साल की अधिकतम सजा और दस लाख का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है।

स्ष्ठ॥ और एवरेस्ट मसालों के हानिकारक होने की सूचना के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग ने मसाला फैक्ट्रियों पर ताबडतोड छापेमार कार्रवाई की। एक और दो मई को विभिन्न कारखानों से 28 नमूने लिए गए। इनको जांच के लिए लैब भेजा गया। अब छह नमूनों की रिपोर्ट विभाग के पास आ गई है। इनमें चार नमूने अनसेफ यानि उपयोग योग्य नहीं पाए गए हैं।

अब एक ही दुकान से पान मसाला और तंबाकू नहीं बिकेगा

- पान मसाला के साथ तंबाकू के पाउच की विक्री, भंडारण और निर्माण पर लगी रोक
- एक जून से प्रभावी होगी नई व्यवस्था

कानपुर। यूपी में अब एक ही दुकान से पान मसाला और तंबाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गई है। बुधवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने अधिसूचना जारी कर एक जून से इस पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही सभी जिलाधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अनुपालन में 2011 में बनाए गए नियमों के तहत प्रदेश की सीमा में तंबाकूयुक्त पान मसाला के विनिर्माण, पैकिंग, भंडारण, वितरण व बिक्री पर रोक है, लेकिन इसका पूर्णत: अनुपालन नहीं हो पा रहा है। सुप्रीम कोर्ट इसका पूरी तरह अनुपालन कराने का आदेश दे चुका है।

जारी की गई अधिसूचना के अनुसार एक जून से यह प्रतिबंध प्रभावी होने के बाद दुकानदार पान मसाला और तंबाकू के पाउच एक साथ नहीं बेच सकेंगे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें छापेमारी कर कार्रवाई करेंगी। इस समय प्रदेश के सभी शहरों में तकरीबन हर गली-नुक्कड़ व चौराहे पर पान मसाला व उसके साथ तंबाकू की बिक्री पर रोक लगाई है।

तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है के बहिष्कार की दिलाई शपथ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिरहाना रोड स्थित केपीएम हॉस्पिटल में विश्व निषेध तंबाकू दिवस के अवसर पर डॉ. आरसी यादव, सीएमएस, केपीएम हॉस्पिटल, द्वारा हॉस्पिटल के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मियों को शपथ दिलायी कि हम सबको तम्बाकू और तम्बाकू से बने पदार्थो का उपयोग नहीं करेंगे अपने आस-पास के लोगो को भी इसके प्रति जागरूक करें डॉ आरबी जयसवाल और डॉ शेलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया तम्बाकू का उपयोग और इसका सेवन कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े, स्वरयंत्र, मुंह, ग्रासनली, गला, मूत्राशय, गुर्दे, यकृत, पेट, अग्न्याशय, बृहदान्त्र और गर्भाशय ग्रीवा के साथ-साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया के प्रमुख कारणों में से एक है। ऐसा अनुमान है कि तम्बाकू के सेवन के कारण हर साल 1 करोड़ से अधिक लोग मारे जाते हैं।लखन शुक्ला मास्टर ट्रेनर रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया की इस वर्ष, 2024, विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम है बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना। थीम युवाओं को खतरनाक तंबाकू उत्पादों के साथ लक्षित करने के अंत की वकालत करती है। थीम का उद्देश्य तंबाकू उद्योग की शिकारी तकनीकों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो समय के साथ लाभ को अधिकतम करने के लिए युवा व्यक्तियों को लक्षित करती हैं।यह अवसर पर डॉ. आरबी जायसवाल डॉ. शेलेंद्र सिंह डॉ. पूनम श्रीवास डॉ. डीके श्रीवास्तव डॉ. शरद चंद्रा और अस्पताल पैरामेडिकल स्टाफ कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

'भाजपा के खिलाफ राजनीतिक तापमान' अखिलेश यादव

मोदी सरकार में बढ़ी महंगाई और गरीबी

उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने कहा कि 10 साल में बीजेपी की हर बात झूठी निकली, हर वादा झूठा निकला। जब किसान देखता है 10 साल में उसको लाभ नहीं दे पाई सरकार, हमारे किसानों को संकट में डाल दिया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक हुआ नहीं है, जानबूझकर पेपर लीक कराया है। नौजवानों को कहना चाहता हूं इन्होंने रिकॉर्ड बनाया नौकरी ना देने का तो वहीं इंडिया गठबंधन रिकॉर्ड बनाएगा नौकरी देने का।

अखिलेश ने ऐलान करते हुए कहा कि अग्निवीर व्यवस्था खत्म होगी, फौज की नौकरियां बढ़ा कर के और तीस लाख नौकरियों को भर के अपने नौजवानों को नौकरी देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब जब हम लोग दिल्ली की सरकार बनाने जा रहे, तो माताओं बहनों को कह कर जा रहे हैं कि अब सरकार बनेगी तो माताओं बहनों को 1 लाख रुपए देने का काम करेंगे। उन्होंने सवाल किया कि दिल्ली की सरकार 10 साल की है और उत्तर प्रदेश की सरकार 7 साल से है, किसी गरीब के जीवन में कोई बदलाव आया हो तो बता दो? ना केवल गरीबी बढाई, महंगाई भी इतनी बढ़ा दी।

उन्होंने कहा कि आपने अखबार में पढ़ लिया होगा, जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है उन्हें दिल की बीमारी हो सकती है, वैक्सीन वाले कहते हैं हम वैक्सीन वापस ले लेंगे, जो शरीर में चली गई वो कैसे वापस लेंगे? अब तो यह भी जानकारी हो गई होगी कि वैक्सीन कंपनी से चंदा वसूल लिया। यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने ईडी, सीबीआई, आईटी का डर दिखा कर के बड़ी बड़ी कंपनियों से हजारों करोड़ रुपए चंदा वसूला। इलेक्टोरल बॉन्ड की वसूली से ही इतनी महंगाई बढ़ गई है, हम दवाई लेने जाते हैं दवा भी महंगी कर दी है।

उन्होंन कहा कि हमने बिजली का कारखाना बनाया, बिजली के कारखाने से लेकर के और जो सुविधाएं हो सकती हैं एंबुलेंस की वो सब दी हैं। जितना समाजवादियों ने बनाया उसके आगे कोई भी काम इस सरकार ने नहीं किया है। दुद्धी विधानसभा में अखिलेश ने कहा कि कभी कभी मैं सोचता हूं ये बोरी की चोरी बीजेपी वाले कहां से सीख कर आए हैं। वो सीखी है पारले जी के बिस्किट पैकेट से, जैसे जैसे महंगाई बढ़ी, पैकेट छोटा हो गया। उन्होंने कहा कि जबसे चुनाव शुरू हुआ है लगातार गर्मी बढ़ती चली जा रही है, 50 डिग्री तक तापमान पहुंच गया है, मैं समझता हूं राजनीतिक तापमान भाजपा के खिलाफ दिखाई पड़ रहा है।

विभव की जमानत पर फैसला, कोर्ट में रोने लगी स्वाति

दिल्ली के मुख्यमंत्री के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत सुनवाई में शामिल होने के लिए आप सांसद स्वाति मालीवाल दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट पहुंचीं। वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कहा कि यह जमानत याचिका विचार योग्य है। यह सही अदालत है जिसके पास जमानत याचिका पर सुनवाई का अधिकार क्षेत्र है। तीस हजारी अदालत ने कथित स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई की। मालीवाल के आरोपों पर पलटवार करते हुए विभव कुमार के वकील एन हरिहरन ने शिकायत दर्ज करने में 3 दिन की देरी का जिक्र किया। वह डीसीडब्ल्यू प्रमुख थी, उन्हें अपने अधिकारों के बारे में अच्छी तरह से पता था। अगर उनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ है तो उन्हें तुरंत शिकायत करनी चाहिए थी।बिभव कुमार के वकील ने कोर्ट को एमएलसी दिखाते हुए कहा, 'एमएलसी की तारीख 16 मई को है। यह घटना कथित तौर पर 13 मई को हुई थी। यह एक अस्पष्ट अंतर है। हम घावों की प्रकृति नहीं जानतेज्क्या वे हाल के हैं? क्या वे तीन दिन पुराने हैं?' स्वाति मालीवाल से दोबारा मारपीट मामले में विभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है। कोर्ट रूम में सुनवाई के दौरान रो पड़ीं स्वाति मालीवाल, वीडियो दिखाए जाने के दौरान मालीवाल के आंखों में आंसू नजर आए। सीएम आवास से स्वाति के निकलने का वीडियो दिखाया जा रहा था।

विभव के वकील ने कहा कि स्वाति मालीवाल ने यह नहीं कहा कि सीएम ने उन्हें अपने परिसर में आने के लिए बुलाया था। उन्होंने जो किया वह अतिक्रमण है। क्या कोई इस तरह किसी के आवास में प्रवेश कर सकता है? यह सीएम हाउस है। उन्हें (मालीवाल को बाहर इंतजार करने के लिए कहा गया था)। वह अंदर घुस गईं। क्या एक सांसद होने के नाते आपको कुछ भी करने का लाइसेंस मिल सकता है?

चाइना की आखिरी मस्जिद पर भी बरसा जिनपिंग का हथौड़ा, मुस्लिमों की लाठी से पिटाई

चीन से दुनियाभर के मुस्लिमों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। जिनपिंग से ऑर्डर मिलने के बाद आखिरी मस्जिद भी तोड़ दी गई है।

सादियान की ग्रैंड मस्जिद चीन की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक है। लेकिन इस मस्जिद के तीन गुबंद पर हथौड़ा चला दिया गया। चीन ने सिर्फ एक प्रांत शिनजियांग में ही 16 हजार से अधिक मस्जिदों पर बुलडोजर चला दिया। लेकिन भारतीय मुसलमानों के नाम पर दुष्प्रचार करने वाले कुछ मुस्लिम देश इसकी निंदा तो दूर चीन पर एक बयान नहीं दे पाए।

चीन का सदाबहार दोस्त पाकिस्तान भी सबकुछ देखकर भी गूंगा बन गया। असम में जिनपिंग सरकार मुस्लमानों के धार्मिक स्थलों को चाइनिज स्टाइल में बनवा रही है। इसलिए मस्जिदों को तोड़ा जा रहा है। गुबंद और मीनारों को ध्वस्त कर दिया गया है। यहां तक की मस्जिदों में दिखने वाले हरे रंग पर भी पाबंदी लगा दी गई है। पुरानी मस्जिद अरबी शैली में बनी थी जबकि नई मस्जिद में अरबी शैली की वास्तुकला खत्म कर दी गई है।

दरअसल, चीन ने अपने देश में इस्लाम को भी बदल दिया है और इससे जुड़ी एक-एक चीज को भी बदल दिया है।

चीन का मुसलमानों पर ऐसा हमला 57 मुस्लिम देशों के माथे पर भी जिसे देखकर पसीना आ गया है। चीन ने लगातार अपने फैसलों से कुरान, मस्जिद, इस्लामिक नाम, ढाढ़ी, बुर्का का चीनीकरण कर दिया है। यानी इन सभी को अपने स्टाइल में बदल दिया है। इसी कड़ी में इस्लामिक स्ट्राइल में बनी देश की मस्जिद को भी हटा दिया है। इसे ग्रैंड मौस्क ऑफ सेडियन कहा जाता है। हैरानी की बात देखिए कि चीन के इस कदम के बाद एक भी मुस्लिम देश में पत्ता तक नहीं हिला। करोड़ों मुस्लिम मानों आंख बंद करके बैठ गए हो।

यही काम अगर भारत में हुआ होता तो भयंकर बवाल मच जाता। मुस्लिम संगठन ओआईसी, एनजीओ, ह्यूमन राइट्स वाले और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर टूट पड़ते और एजेंडा चलाने में लग जाते। लेकिन चीन का नाम आते ही मानो ये सभी छुट्टी पर चले गए हैं। आपको बता दें कि चीन ने अपने देश में 29 मुस्लिम नामों पर बैन तक लगाया हुआ है। चीन में कोई भी अपने नाम में इमाम, सद्दाम, हज, मदीना जैसे शब्द नहीं लगा सकता है।

बम बनकर फटा घर का एसी? सामने आई नोएडा हादसे की वजह

नोएडा के सेक्टर 100 की बुलेवर्ड सोसायटी के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई. यह आग्ष्ट में हुए धमाके के बाद लगी. जिसने पूरे घर को चपेट में लेते हुए आस-पास के तमाम घरों को अपने आगोश में लपेट लिया. दहशत की वजह से इन फ्लैट्स में रहने वाले लोग ग्राउंड फ्लोर पर भाग कर पहुंचे. फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने पहुंची तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. देश के विभिन्न राज्य जैसे दिल्ली यूपी, बिहार, एमपी, छत्तीसगढ़ और झारखंड सब जगह गर्मी से हाल बेहाल है. गर्मी से बचने के लिए घरों में जमकर्ष्ट का इस्तेमाल हो रहा है. ऐसे में जब्ष्ट फटने से भीषण आग लगने की खबर आई तो लोग सहम गए.

सोसाइटी में रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई. आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर लोग दहशत में आ गए.

फ्लैट में लगी आग के कारण सभी लोगों में डर का माहौल है. आग को बुझाने के लिए प्रशासन ने भी तेजी से कार्रवाई की है. फायर ऑफिसर के मुताबिक, पांच फायर टेंडर मौके पर आग बुझाने के लिए भेजे गए. फ्लैट में आग लगने के वीडियो वायरल हो रहा है. गर्मी ऐसी है कि पंखे-कूलर जवाब दे चुके हैं. घरों में लोग गर्मी से बचने के लिए्ष्ट का सहारा ले रहे हैं, जिससे थोड़ी-बहुत राहत मिल रही है. लेकिन यही्ष्ट एक बम की तरह फट रहा है और आग लगने की वजह बन रहा है.

बुधवार को ही नोएडा से सटे गाजियाबाद के इंदिरापुरम में भी एक फ्लैट में एसी फट गया था. एसी फटते ही घर में आग लग गई. गनीमत ये रही कि कोई हताहत नहीं हुआ. दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद एक घंटे में आग पर काबू पा लिया. एसी में ब्लास्ट की बड़ी वजह है कंप्रेशर का फटना. जो रख रखाव की वजह से अक्सर गर्मियों में फट जाता है और एक बड़े हादसे की वजह बनता है.

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बस दुर्घटनाग्रस्त, 11 लोगों की मौत, 10 अन्य घायल

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में पूर्णागिरि मंदिर दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के ऊपर गिट्टियों से भरा डंपर (एक प्रकार का ट्रक) पलट जाने से 11 लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक संवेदना व्यक्त की। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र में रहने वाले श्रद्धालु शनिवार रात एक निजी बस से पूर्णागिरी मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे।उन्होंने बताया कि बस चालक ने रात में खुटार थाना क्षेत्र के हजियापुर में एक ढाबे पर बस रोकी जिसके बाद कुछ यात्री ढाबे पर खाना खाने चले गए जबकि कुछ लोग बस में ही बैठकर जलपान करने लगे। उन्होंने बताया कि इसी बीच गोला की तरफ से आ रहा गिट्टियों से भरा डंपर अनियंत्रित होकर बस के ऊपर पलट गया और इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य लोग घायल हो गए।मीणा ने बताया कि मृतकों की पहचान सुमन देवी (36), अजीत (15), आदित्य (आठ), रामगोपाल (48), रोहिणी (20), प्रमोद (30), छुटकी (50), शिव शंकर (48), सीमा (30) सुधांशु (सात) एवं सोनवती (45) के रूप में की गई है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में 10 अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि डंपर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चुनावी मौसम में हीटवेव का कहर, पिछले 24 घंटे में बिहार में लू से 10 मतदानकर्मियों समेत 14 लोगों की हुई मौत

बिहार में 24 घंटे की अवधि के भीतर चुनाव ड्यूटी पर तैनात 10 अधिकारियों सहित कम से कम 14 लोगों की लू लगने से मौत हो गई है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है।

आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सबसे ज्यादा मौतें भोजपुर से हुईं, जहां चुनाव ड्यूटी पर तैनात पांच अधिकारियों की लू लगने से मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि रोहतास में तीन और कैमूर व औरंगाबाद जिले में एक-एक चुनाव पदाधिकारी की मौत हो गयी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में चार अन्य लोगों की मौत हो गई मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

हाल के दिनों में पूरे बिहार में लू की स्थिति बनी रही, गुरुवार को कई स्थानों पर दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। सबसे अधिक तापमान बक्सर में 47.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बिहार सरकार ने बुधवार को सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आंगनवाड़ी केंद्रों को 8 जून तक बंद करने का आदेश दिया था। चिलचिलाती गर्मी के कारण शेखपुरा, बेगुसराय, मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण जिलों और अन्य क्षेत्रों से स्कूल शिक्षकों के बेहोश होने की घटनाएं सामने आईं। सरकारी स्कूल छात्रों के लिए बंद हैं, शिक्षकों के लिए नहीं।

वहीं, मध्य, पूर्वी और उत्तरी भारत में भीषण गर्मी के लगातार जारी रहने से कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई और दिल्ली सहित कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। 31 मई से 1 जून के बीच उत्तर प्रदेश में और 31 मई को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 31 मई से 2 जून के बीच उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में गरज और बिजली के साथ बहुत हल्की/हल्की बारिश की भविष्यवाणी की गई थी।

जून में और कहर ढाएगी गर्मी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का सोमवार को अनुमान जताया. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं. आईएमडी चीफ मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि जून से सितंबर के बीच दक्षिण पश्चिम मॉनसून के तहत पूरे देश में नॉर्मल से ज्यादा बारिश होने की संभावना है.उन्होंने कहा कि इन चार महीनों के दौरान बारिश लॉन्ग टर्म एवरेज का 106 प्रतिशत होने की संभावना है. हालांकि, उन्होंने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में नॉर्मल बारिश होने के आसार हैं.

महापात्र ने सोमवार को कहा कि भीषण गर्मी से तप रहे दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम भारत के लोगों को 30 मई के बाद भीषण लू से राहत मिल सकती है. उन्होंने कहा, उत्तर पश्चिम भारत के हिस्सों में भीषण लू चल रही है और यह अगले तीन दिनों तक जारी रह सकती है, लेकिन 30 मई से इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम होगी, क्योंकि एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आ रहा है.

उन्होंने कहा कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ बारिश होने के अलावा पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है.हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून के महीने में दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत भारत के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की आशंका है और उमस भी बढ़ेगी.उनके मुताबिक, दक्षिणी प्रायद्वीप के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहता है, जबकि उत्तर पश्चिम के सुदूर उत्तरी भाग और पूर्व व उत्तर पूर्व भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रह सकता है.उन्होंने यह भी कहा कि जून में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात के कुछ हिस्सों और उत्तरी मध्य प्रदेश समेत उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य से ज्यादा दिनों तक तेज लू चल सकती है।

महिला सिपाही ने थानाध्यक्ष की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर डंडे से की पिटाई, निलम्बित की गई

रामपुर। रामपुर जिले के खजूरिया थाने में स्कूटी क्षतिग्रस्त होने के विवाद में एक महिला सिपाही ने थानाध्यक्ष की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर उसकी डंडे से पिटाई कर दी। इस मामले में आरोपी सिपाही को निलम्बित कर उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि खजूरिया थाने में तैनात आरजू नामक महिला सिपाही ने मंगलवार को थानाध्यक्ष राजीव कुमार के कक्ष में घुसकर उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और डंडे से पिटाई की।उन्होंने बताया कि सिपाही को निलम्बित करके उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बताया कि रामपुर के खजूरिया थाने में आरजू और अमृता नामक महिला कांस्टेबल तैनात हैं। आरोप है कि अमृता आरजू की नयी स्कूटी लेकर गयी थी मगर वह एक दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गयी तथा इसी को लेकर दोनों महिला सिपाहियों में झगड़ा हो गया। आरजू नयी स्कूटी दिलाने की मांग कर रही थी।

उन्होंने बताया कि मामला थानाध्यक्ष राजीव कुमार तक पहुंचा। उनके मुताबिक, आरोप है कि कुमार ने अमृता का पक्ष लिया, जिससे आरजू नाराज हो गयी और मंगलवार को जब थानाध्यक्ष अपने कार्यालय कक्ष में बैठे थे तथा वीडियो कांफ्रेंस हो रही थी, तभी सिपाही आरजू वहां पहुंच गयी और कुमार की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर उसकी डंडे से पिटाई कर दी।

क्या मोदी का 400 पार का टारगेट हो जाएगा कन्फर्म? किस एग्जिट पोल में मिली कितनी सीटें

एग्जिट पोल पर नजर डालें तो बीजेपी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाती नजर आ रही है। पोल ऑफ पोल्स में ह्ष्ठ को 350 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि इंडिया गठबंधन 125-130 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है।

अब से तीन दिन बाद हमें अंततः पता चल जाएगा कि भाजपा या एनडीए 卐400 पार卐 के अपने अनुमानित सीट लक्ष्य के कितने करीब पहुंचती है। भारत के चुनावी इतिहास में किसी पार्टी ने यह संख्या केवल एक बार पार की है, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने 414 सीटें (कुल 541 सीटों में से) जीती थीं। देश में लोकसभा का चुनाव खत्म हो चुका है। चुनावी नतीजों का अनुमान लगाने वाले एग्जिट पोल भी सामने आ गए हैं। एग्जिट पोल पर नजर डालें तो बीजेपी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाती नजर आ रही है। पोल ऑफ पोल्स में NDA को 350 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि इंडिया गठबंधन 125-130 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है।

किस एग्जिट पोल में कितनी सीटें

रिपब्लिक भारत मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुसार बीजेपी को 353-368 सीटें और इंडिया गठबंधन को 118-133 सीट मिल सकती है ।जन की बात के एग्जिट पोल में एनडीए को सबसे अधिक 362-392 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। विपक्षी इंडिया गठबंधन को 141-161 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया।

डी डायनेमिक्स का अनुमान है कि एनडीए को 371 सीटें. इंडिया को 125 सीटें और अन्य को 47 सीटों पर जीत मिल सकती है।

एनडीए-285-350 सीटें और इंडिया ब्लॉक-145-201 सीटें दी हैं। वहीं अन्य-को 33-49 सीटें मिल सकती हैं।

2019 के एग्जिट पोल आखिरी लोकसभा चुनाव यानी साल 2019 की। पिछले लोकसभा चुनाव में 13 एग्जिट पोल के औसत पर नजर डालें तो 306 सीटें दी थीं। जबकि यूपीए के खाते में 120 सीटें गई थीं। 2019 में एनडीए को 353 सीटें मिलीं। जिसमें अकेले बीजेपी को 300 सीटें मिली थीं। यूपीए के खाते में बस 93 सीटें आई थीं। इसमें कांग्रेस को सिर्फ 52 सीटें मिली थीं।

गंगा नदी में नहाते समय पांच किशोरों में से तीन की डूबने से मौत, दो लापता

बलिया। जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया घाट के पास गंगा नदी में शुक्रवार दोपहर में नहाने के लिए उतरे पांच किशोरों में से तीन की डूबने से मौत हो गई जबकि दो लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने तीन किशोरों का शव बरामद कर लिया है, जबकि लापता दो अन्य किशोरों की तलाश जारी है ।पुलिस के अनुसार, हल्दी थाना क्षेत्र के पचरूखिया घाट (हुकुमछपरा काली मंदिर) पर गंगा नदी में शुक्रवार दोपहर में निर्मल चोपड़ा (14), सिंटू राम (15),शनि कुमार (14),रवि कुमार (14) और अभिषेक (13 वर्ष) स्नान कर रहे थे, लेकिन आचानक वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद उस्मान ने बताया कि सिंटू, शनि और रवि का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य लापता किशोरों की तलाश की जा रही है।

उत्तर प्रदेश की 20 सीटों पर बीजेपी को इंडिया गठबंधन से मिल रही कड़ी टक्कर, अयोध्या और इलाहबाद भी शामिल

वर्तमान में एनडीए के पास जो 20 निर्वाचन क्षेत्र हैं और जहां उसे इंडिया गुट से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, वे हैं- अयोध्या, चंदौली, बांसगांव, खीरी, प्रतापगढ़, कैराना, अलीगढ़, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, पीलीभीत, मोहनलालगंज, अमेठी, कन्नौज, कौशांबी, इलाहबाद, बाराबंकी, बस्ती, संत कबीर नगर, आज़मगढ़ और बदायूँ।

शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया। उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य फोकस में से एक है। यूपी में नतीजे एनडीए की वापसी के लिए भाजपा द्वारा निर्धारित 400 पार लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे। लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन पश्चिम, मध्य और पूर्वी यूपी में कम से कम 27 निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी लड़ाई में दिखाई देता है, जिनमें से 20 सीटें उन 64 सीटों में से हैं जो एनडीए ने 2019 में जीती थीं। इसके कारणों में मौजूदा सांसदों के खिलाफ स्थानीय भावनाएं, जातिगत समीकरण और विपक्षी भारतीय गुट के उम्मीदवारों की पसंद शामिल हैं।

वर्तमान में एनडीए के पास जो 20 निर्वाचन क्षेत्र हैं और जहां उसे इंडिया गुट से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, वे हैं- अयोध्या, चंदौली, बांसगांव, खीरी, प्रतापगढ़, कैराना, अलीगढ़, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, पीलीभीत, मोहनलालगंज, अमेठी, कन्नौज, कौशांबी, इलाहबाद, बाराबंकी, बस्ती, संत कबीर नगर, आज़मगढ़ और बदायूँ। इन निर्वाचन क्षेत्रों में से सत्तारूढ़ गठबंधन ने पीलीभीत, बाराबंकी, फिरोजाबाद, इलाहाबाद, रॉबर्ट्सगंज और बदायूं में अपने उम्मीदवार बदल दिए। स्थानीय भाजपा नेताओं के अनुसार, अयोध्या, अमेठी, खीरी, आज़मगढ़, कौशांबी, फ़तेहपुर सीकरी और प्रतापगढ़ जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को अपने स्वयं के कार्यकर्ताओं से भी निपटना पड़ा है ।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, कन्नौज, आज़मगढ़, बदांयू, ग़ाज़ीपुर और घोसी जैसी लगभग 11 सीटों पर हमारी कड़ी लड़ाई है, लेकिन हम विजयी होंगे। तीन से चार राउंड की गिनती (परिणाम वाले दिन) से तस्वीर साफ हो जाएगी ।इनमें से अधिकांश सांसदों के खिलाफ सबसे आम शिकायत यह है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में उतने दिखाई नहीं देते जितने मतदाता और कार्यकर्ता चाहते थे या जिला मुख्यालय से बाहर नहीं निकलते थे और केवल स्थानीय प्रशासन से मिलते थे। कुछ भाजपा नेताओं ने शिकायत की कि अक्सर पार्टी के जिला पदाधिकारियों को सांसदों से मिलने का समय नहीं मिलता और उनके प्रतिनिधि समस्याओं और शिकायतों पर ध्यान नहीं देते।

यूपी में भाजपा को बड़ा झटका
सर्वे के अनुसार घट रही सीटें! मायावती के सामने भी संकट

2024 लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण की वोटिंग के बाद मीडिया में अलग-अलग सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल्स जारी किए हैं। इससे चुनाव आयोग के आधिकारिक नतीजों से पहले जनता का मूड भांपने में मदद मिलती है। लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक एग्जिट पोल्स के नतीजे सियासी चर्चाओं के केंद्र में रहेंगे ।नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण की वोटिंग के बाद मीडिया में अलग-अलग सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल्स जारी किए हैं। इससे चुनाव आयोग के आधिकारिक नतीजों से पहले जनता का मूड भांपने में मदद मिलती है ।लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक एग्जिट पोल्स के नतीजे सियासी चर्चाओं के केंद्र में रहेंगे। जानिए स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स द्वारा जारी किए सर्वे में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिल रही है ।स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स सर्वे एजेंसी द्वारा जारी किया गया सर्वे के अनुसार, उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका लग सकता है। एनडीए अलायंस को यूपी में 58 से 66 सीटें तक मिलती हुई नजर आ रही हैं। वहीं इंडिया अलायंस को 14 से 22 सीटें मिल रही हैं।

अंतिम चरण का मतदान संपन्न, अब 4 जून का सभी को इंतजार

कोलकाता। लोकसभा चुनाव 2024 का अंतिम चरण आज शाम 6 बजे संपन्न हुआ, जिसके साथ 19 अप्रैल से शुरू हुई दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया समाप्त हो गई। सातवें चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 57 संसदीय क्षेत्रों में मतदान हुआ। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ, वोटों की गिनती 4 जून को होगी, जो चुनाव के नतीजे तय करेगी।

इस चरण में जिन सीटों पर वोटिंग हुई उनमें उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, हिमाचल प्रदेश की चार और ओडिशा की छह सीटें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चंडीगढ़ में एकल सीटों और झारखंड में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा गया। वाराणसी से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस चरण के 904 उम्मीदवारों में से एक प्रमुख उम्मीदवार थे। अन्य उल्लेखनीय उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती, अभिनेता कंगना रनौत, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और भोजपुरी गायक पवन सिंह शामिल हैं। सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.09 लाख मतदान केंद्रों पर लगभग 10.9 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए गए थे। इस चरण में 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करने के पात्र थे, जिनमें लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिलाएं और 3,574 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल थे। इसके अतिरिक्त, 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए होम वोटिंग सुविधा उपलब्ध थी। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने यह सुनिश्चित किया कि मतदाताओं के लिए आरामदायक और सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, छाया, रैंप और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गईं।

केरल कांग्रेस ने महात्मा गांधी पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान की निंदा की

तिरुवनंतपुरम। केरल कांग्रेस ने महात्मा गांधी के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया टिप्पणी को शनिवार को अत्यधिक निंदनीय करार दिया और कहा कि यह 'राष्ट्रपिता' का अपमान करने के समान है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने मांग की कि मोदी अपना बयान वापस लें और लोगों से माफी मांगें। प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि दुनिया को महात्मा गांधी के बारे में तब तक पता नहीं था जब तक फिल्म 'गांधी' नहीं बनी थी। राज्य विधानसभा में पूर्व नेता विपक्ष चेन्निथला ने दावा किया कि देश में गांधी के प्रति अनादर दिखाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में नरेन्द्र मोदी का बयान बेहद निंदनीय है। क्या गांधी को दुनिया भर में पहचान 'गांधी' फिल्म बनने के बाद मिली? दुनिया में आप जहां भी जाएंगे, आपको गांधी की एक प्रतिमा या उनके नाम पर एक सड़क मिल जाएगी। महात्मा गांधी को छोड़कर दुनिया में किसी और को समर्पित इतने सारे स्मारक नहीं हैं। उन्होंने जो कहा वह वास्तव में गांधी जी के प्रति अनादर दिखाता है। मोदी को अपने शब्द वापस लेने चाहिए और लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

सूर्य देवता रहम करो! उत्तर भारत में गर्मी बना रही मौतों का रिकॉर्ड, 24 घंटे में 40 लोगों की सांसें थमीं

उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी की चपेट में आने से शुक्रवार को विभिन्न राज्यों में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई, जिनमें उत्तर प्रदेश और बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए तैनात 25 कर्मचारी भी शामिल हैं. अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को भी भीषण गर्मी के कारण ओडिशा में 10, बिहार में 8, झारखंड में चार और उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. वहीं, राजस्थान में गर्मी से अब तक कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है. अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा 17 लोगों की मौत उत्तर प्रदेश में हुई. इसके अलावा, बिहार में 14, ओडिशा में पांच, झारखंड में चार लोगों की मौत होने की सूचना मिली है. उन्होंने बताया कि 1,300 से अधिक लोग लू लगने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं.

कानपुर रहा सबसे गर्म इलाका

भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के अनुसार, कानपुर (आईएएफ) मौसम केंद्र ने देश में सबसे अधिक 48.2 डिग्री तापमान दर्ज किया. हरियाणा का सिरसा 47.8 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरा सबसे गर्म स्थान रहा. दिल्ली के आयानगर में शहर का अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

आईएमडी के अनुसार, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों, बिहार के कुछ हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश, ओडिशा और झारखंड के कुछ हिस्सों में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है. हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी लू की स्थिति बनी रही. हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी लू जैसी स्थिति है.

मौसम विभाग ने कहा कि अगले दो-तीन दिन में स्थिति कुछ बेहतर होने का अनुमान है. इस बीच, उत्तर प्रदेश में अधिकारियों ने कहा कि संभवतः लू लगने के कारण कम से कम 15 चुनाव कर्मियों की मौत हो गई. लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिला और मिर्जापुर समेत 13 सीट पर शनिवार को मतदान होना है.

यूपी के मिर्जापुर में 15 चुनावकर्मियों की मौत

मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी स्वायत्तशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राज बहादुर कमल ने बताया कि अस्पताल में 13 चुनाव कर्मियों की मौत हो गई. मृतकों में सात होमगार्ड जवान, तीन सफाई कर्मचारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड का एक कर्मी शामिल है. उन्होंने बताया कि इन्हें तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के चलते अस्पताल ले जाया गया था. अधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी की चपेट में आने से सोनभद्र जिले में दो चुनाव कर्मियों की मौत हो गई, जबकि नौ कर्मियों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है.

बिहार में शनिवार को आठ लोकसभा सीट पर मतदान होना है. राज्य के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिन में 10 चुनाव कर्मियों समेत 14 लोगों की लू लगने से मौत हो गई. उन्होंने कहा कि रोहतास में तीन निर्वाचन अधिकारियों, जबकि कैमूर और औरंगाबाद जिलों में एक-एक मौतें हुईं. राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चार अन्य लोगों की मौत हो गई. भीषण गर्मी के कारण राज्य में सभी स्कूल, कोचिंग संस्थान और आंगनवाड़ी केंद्र आठ जून तक बंद कर दिए गए हैं. इस बीच, ओडिशा में 13 स्थानों पर तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने तथा आर्द्रता के उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने शुक्रवार को लोगों को अगले तीन दिन तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक घरों के अंदर रहने की सलाह दी है. भीषण गर्मी की चेतावनी के मद्देनजर विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) सत्यब्रत साहू ने लोगों से अगले तीन दिन तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे के दौरान घरों के अंदर रहने का आग्रह किया है. उन्होंने इस अवधि के दौरान श्रमिकों को काम पर रखने वाले ठेकेदारों और अन्य एजेंसियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी है. ओडिशा सरकार ने लू लगने से अब तक पांच मौतें होने की शुक्रवार को पुष्टि की, जबकि संभवतः गर्मी की चपेट में आने 18 अन्य लोगों की हुई मौत की जांच की जा रही है. अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में शुक्रवार को लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच 1,326 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. उन्होंने बताया कि सभी जिला अस्पतालों और अन्य चिकित्सा सुविधाओं को लू से पीड़ित मरीजों के लिए वातानुकूलित कमरे और खाली बिस्तर रखने को कहा गया है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (झारखंड) के मिशन निदेशक डॉ. आलोक त्रिवेदी ने बताया, झारखंड में चार लोगों की लू लगने से मौत हो गई. पलामू में तीन और जमशेदपुर में एक की मौत हुई. ये मौतें अस्पतालों में नहीं हुईं. गर्मी से जुड़ी समस्याओं के कारण राज्य के विभिन्न जिलों में 1,326 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया.

इनमें से अब तक लू लगने के 63 मामलों की पुष्टि हुई है. बढ़ते तापमान के कारण दिल्ली समेत देश के कुछ भागों में जल संकट उत्पन्न हो गया है और वहां के निवासियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. लोगों को अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पानी की व्यवस्था करने के वास्ते लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है. दिल्ली की गीता कॉलोनी की निवासी विभा देवी ने कहा, 'मैं तड़के चार बजे से कतार में खड़ी हूं, लेकिन भीड़ के कारण मैं पानी के टैंकर तक नहीं पहुंच पातीज्पानी मिलना मुश्किल है. 'इस बीच, आईएमडी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों, त्रिपुरा, मेघालय व असम के शेष हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे चुका है.

यूपी : बाराबंकी में गन्ने के खेत में आग लगी। सूचना पर यूपी पुलिस की डायल-112 गाड़ी पहुंची। खेत तक गाड़ी पहुंचने का रास्ता नहीं था। सब इंस्पेक्टर अनिल शुक्ला पैदल भाग रहे थे। भीषण गरमी में गश खाकर गिर पड़े, मौत हो गई।

भीषण गर्मी के बीच काट डाले हरे भरे पेड़

- बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित टीएसएच स्टेडियम के अंदर उजाड़े गए हरे पेड़
- भाजपा नेता हर्षित श्रीवास्तव की अगुवाई में पहुंचे स्थानीय लोग
- कमिश्नर सहित अन्य विभागों में हुई शिकायत

पेड़ काटे जाने की खबर पर मौके पर पहुंचे भाजपा नेता हर्षित श्रीवास्तव

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पूरा उत्तर भारत जहां भीषण गर्मी और लू से बेहाल है और सैकडों लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं पेड लगाने और बचाने के लिए सोशल मीडिया और अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में बडी बडी बातें हो रही हो। कानुपर के बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित टीएसएच में विकास कार्य के नाम पर हरे भरे पेड काटे जा रहे हैं। सूचना पर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। भाजपा नेता हर्षित श्रीवास्तव के साथ दर्जनों लोगों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस भी पहुंची लेकिन तमाम दलीलें देकर मामला खत्म कर दिया लेकिन सबसे बडा सवाल यह है कि यह हरे पेड काटे जाने से पहले क्यों नहीं मंथन किया गया।

कानपुर महानगर में इसबार गर्मियों का तापमान आसमान छूता जा रहा है। इसके बाद भी सरकारी सिस्टम उदासीन है। पेड लगाने पर फोकस कम। पेड काटने और हटाने को ही विकास मानकर अधिकारी दिन रात जुटे हुए हैं। शहर के बीचोबीच बृजेंद्र स्वरूपपार्क के सामने टीसीएच स्टेडियम का निर्माण किया गया है। पूरे पार्क में निर्माण कर दिया गया है। अब कुछ जगह बची है उसमें अशोक सहित अन्य प्रजाति के पेड लगे हैं। उनको हटाकर खेल मैदान विकसित किया जा रहा है। भाजपा नेता हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि हरे भरे लगातार काटे जा रहे हैं। पार्क में करीब 30 से अधिक पेड काट दिए गए। अधिकारी कमीशन बाजी के चक्कर में शहर की आवोहवा बर्बाद करना चाहते हैं। वहीं, स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग से अनुमति के बाद ही पेड काटे जा रहे हैं लेकिन यह सही है कि इस समय पेड नहीं काटा जाना चाहिए।

कमिश्नर से शिकायत, कार्रवाई की मांग

भाजपा नेता हर्षित श्रीवास्तव और पार्षद अंकित मौर्य सहित अन्य लोग कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। यहां पर पेड काटे जाने को लेकर शिकायती पत्र दिया है। हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर धांधली की जा रही है। निर्माण कार्य में लगी एमएचपीएल कंपनी पर्यावरण अधिनियम की धज्जियां उडा रही है। जिस तरह से लगातार पेडों की कटाई सडक, पुल, इमारतें बनाने के नाम पर की जा रही है। उससे आने वाले समय में इंसान का धरती पर रहना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए पेडों की कटाई बिलकुल न की जाए।

यूपी में गर्मी से हालात बेकाबू

- शुक्रवार को 98 से अधिक मौतों के बाद मचा हड़कंप
- सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश
- गांव और कस्बों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश

कानपुर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को लू से बचाव के लिए दिए गए किट

बीपीएस न्यूज

लखनऊ/कानपुर। भीषण लू और गर्मी के प्रकोप से मौतों का सिलसिला अभी नहीं थम रहा। लू लगने से प्रदेश में शुक्रवार को 198 लोगों की मुख्य रूप से मौत हो गई। इनमें शनिवार को होने वाले मतदान के लिए चुनाव ड्यूटी में तैनात 19 मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी हैं। वहीं, बिहार में भी 10 मतदानकर्मियों की जान चली गई।शुक्रवार को कानपुर व मथुरा 48.2 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में पारा 45 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। तेज धूप के साथ लू का भी प्रकोप रहा। 43 डिग्री के साथ तपते वाराणसी और आसपास में चुनाव ड्यूटी में लगे 18 लोगों की मौत हो गई। सब सातवें चरण का चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियों के साथ जाने की तैयारी कर रहे थे।

अकेले मिर्जापुर में ही आठ होमगार्ड और एक सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वाराणसी में चुनाव ड्यूटी में लगे तीन मतदानकर्मी की मौत हुई है। सोनभद्र में भी तीन मतदान कर्मी और एक सुरक्षा कर्मी की मौत हुई है। जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह ने बताया कि मौत के कारणों की अभी पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन सारे लक्षण लू लगने से मौत के ही लग रहे हैं।

चंदौली में दो होमगार्ड की मौत हुई है। इसके अलावा रायबरेली में स्ट्रांग रूम में तैनात भदोही निवासी दरोगा ने दम तोड़ दिया। लखनऊ में पारा 45.8 डिग्री तक पहुंच गया। हरदोई, कानपुर, वाराणसी, चुर्क, प्रयागराज, झांसी, सुल्तानपुर, फुरसतगंज में रातें भी गर्म हैं। यहां न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से 33.9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, राज्य में कई इलाकों में बारिश के आसार हैं। धूल भरी आंधी भी चल सकती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी-लू का प्रकोप बढ़ने की वजह से आमजन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करे। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं हो।अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन उठाएं, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजारों, मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में लू से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए। शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए। हैंडपंप क्रियाशील रखें, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए।

आईसीटी की पाठशाला ने दिलाई तंबाकू निषेध की शपथ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। 31 मई शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आईसीटी की पाठशाला के संस्थापक शिक्षक शेखर यादव द्वारा तंबाकू सेवन प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज, शपथ एवं ई-सर्टिफिकेट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र आदि राज्यों के 1100 से अधिक शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने प्रतिभाग कर प्रश्नोत्तरी में भाग लिया एवं तंबाकू सेवन न करने की ऑनलाइन शपथ ली। सभी प्रतिभागियों को एससीईआरटी यूपी की इकाई संस्था कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन (सीटीई) प्रयागराज के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के हस्ताक्षरयुक्त ई-सर्टिफिकेट दिए गए जिसे प्रतिभागियों ने अपने सोशल मीडिया में शेयर कर अपनी प्रशन्नता जाहिर की। सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य ने शुभकामनाए दी।

ग्राम सचिव और प्रधान मिलकर हजम कर रहे सरकारी बजट

- ग्राम प्रधान जसवंत सिंह के द्वारा अपने निजी खातो में 3,54,276 रुपये धनराशि डालकर निकाले गए
- ग्राम प्रधान के द्वारा अपने सगे भाई अनिरुद्ध के खातों में मजदूरी के पैसे ट्रांसफर किए मामले की शिकायत के बाद खुला खेल

बीपीएस न्यूज

संदलपुर (कानपुर देहात)। विकासखंड संदलपुर के सधवापुर गांव निवासी गौरव सिंह व मोहर सिंह ने पंचायती राज अधिकारी को प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से विकास कार्य हेतु आई धनराशि को निकालकर बंदरबाट किया गया। जिसकी 7 बिंदुओं पर नियम विरुद्ध धनराशि अपने खाते में हस्तांतरित करने तथा विकास कार्यों में व्यापक पैमाने पर की धांधली पर शिकायत करते हुए नियमानुसार जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।आरोप हैं कि ग्राम प्रधान जसवंत सिंह के द्वारा अपने निजी खातो में 3,54,276 रुपये धनराशि डालकर निकाले गए व ग्राम प्रधान के द्वारा अपने सगे भाई अनिरुद्ध के खातों में मजदूरी के नाम पर फर्जी कार्यों को दर्शाते हुए ग्राम सचिव से मिलकर लगभग 79355 रुपए धनराशि निकाले हैं व ग्राम प्रधान जसवंत सिंह ने ग्राम सचिव के द्वारा कस्बा संदलपुर में सी0एस0सी0 के कार्य हेतु दुकान स्थापित है जिसमें संदर्भ में ब्लॉक के गैर कानूनी कार्य करता है जिसकी फर्म मिलन इंटरप्राइजेज की फर्जी फर्म है जिसमें कभी मजदूरी के नाम तो कभी मेटेरियल के नाम भुगतान हेतु तो कभी पंचायत के प्रशासनिक व्यय के तौर पर लाखो रुपये ट्रांसफर कर संबंधित अधिकारियों के द्वारा जिसमे ग्राम सधवापुर व सचिव के द्वारा लगभग 1,35,133 रुपये है व ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा विकासखंड में तैनात मुकेश जो कि ब्लॉक परिसर में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात है जिसके खाते में लगभग 13350 रुपए डालकर निकाला गया है जो कि शासन आदेश का खुले तौर पर उल्लंघन किया गया है,वही रचित कॉन्ट्रेक्टर एंड सप्लायर्स के रूप में स्थापित बिल वाउचर पर दर्शाए गए फर्म गैर कानूनी है।पंचायत भवन निर्माण में हेरा फेरी कर नियम के विरुद्ध 1,97,412 रुपये धनराशि का दुरुपयोग किया गया है जबकि पंचायत भवन पहले से निर्मित था।कायाकल्प के नाम पर फर्जी पेमेंट फर्जी फर्मो को किया गया।इतना ही नहीं ग्राम पंचायत में बिना टेंडर बिना कोटेशन बिना लैब टेस्टिंग व मानकहीन इंटरलॉकिंग एट का प्रयोग करते हुए आधे अधूरे कार्य को प्रगति दी गई एवं संबंधित अधिकारियों के द्वारा कोर्ट रचित दस्तावेजों को तैयार कर भारी भरकम रकम का दुरुपयोग किया गया जिसमें 1,79,784 रुपए का दुरुपयोग किया गया।

24 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

- रेलबाजार पुलिस ने एक बार फिर हाथ लगी सफ़लता,
- दो ट्राली सूटकेस में भरकर उन्नाव ले जाने की थी तैयारी, दो गिरफ्तार

कानपुर। सिटी में रेलबाजार थाना पुलिस का तंत्र गांजा तस्करों के लिए विशेष एक्टिव है, आपरेशन सुदर्शन के तहत रेलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर रेलबाजार से उनाव जा रहे दो गांजा तस्करों को धर दबोचा पुलिस उपायुक्त पूर्वी एस के सिंह ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को जानकारी दी कि पकड़े गए अभियुक्त राजू निवासी लखीमपुर खीरी और अंकित मिश्रा निवासी गंगाघाट उन्नाव को एनडीपीएस एक्ट के तहत 24 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपए है, दोनो अभियुक्त दो ट्राली सूटकेस में गांजा भरके तस्करी के उद्देश्य से उन्नाव ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया व अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है, गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी रेल बाजार विजय दर्शन शर्मा, उप निरीक्षक जितेन्द्र पाल, उप निरीक्षक रोहित प्रजापति, व नारकोटिक्स बाराबंकी टीम की अहम भूमिका रहीं

तपती गर्मी से बचाने के लिए यातायात टीएसआई ने रिज़्शा वालों को ओढ़ाई तौलिया

कानपुर। यातायात टीएसआई राजकुमार तोमर सिंह व प्रवीण सिंह चौहान ने तेज धूप व गर्मी को देखते हुए परेड चोरहे पर गरीब रिक्शे वालो को सर पे तौलिया उड़ा कर भीषण तपती गर्मी से राहत दिलाई। गर्मी से बचाव की जानकारी भी दी।

मर्चेन्ट चैम्बर हाल में पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन

कानपुर। प्रदेश में वर्तमान में बढ़ती गर्मी के कारण सम्भावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु उ0प्र0 शासन एवं उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ के निर्देश के कम में आज मर्चेन्ट चैम्बर हाल में पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी कानपुर, चेयरमैन विजय कपूर, आई0आई0ए0 अध्यक्ष दिनेश बरसिया, फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, आई0एम0ए0 के एम0के0 सरावगी, हास्पिटल आनर्स एसोशियेसन के एस0बी0 गौर एवं उद्यमी प्रतिनिधि, होटल प्रतिनिधि, स्कूल प्रतिनिधि आदि प्रमुख रूप उपस्थित हुये।

गोष्ठी का संचालन करते हुये दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी कानपुर नगर द्वारा पॉवर प्वाइन्ट प्रेजेन्टेशन द्वारा वर्तमान में बढ़ती गर्मी में अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं अग्निदुर्घटना होने पर सावधानियों एवं आसान इवेकुवेशन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। पुलिस आयुक्त द्वारा अपने सम्बोधन में अग्नि सुरक्षा उपायों को मानकों के अनुसार उपलब्ध रखने एवं प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर) को प्रत्येक जनमानस को घर/प्रतिष्ठान/आफिस में अवश्य रखने/लगवाये जाने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद में स्थापित जलश्रोतों यथा-हाईड्रेन्ट, स्टेटिक टैंक आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में समस्त जानकारी करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी का समापन करते हुये पुलिस आयुक्त कानपुर नगर द्वारा इण्डस्ट्रीज एसोशियेशन, नर्सिंग होम एसोशियेशन एवं होटल एशोसियेशन इत्यादि द्वारा भाग लिये गये उद्यमियों का आभार व्यक्त करते हुये गोष्ठी में दिये गये सुझावों का पालन करने हेतु निर्देश प्रदान किया गया। उक्त गोष्ठी को सकुशल सम्पन्न कराने में एफएसओ विनोद कुमार पाण्डेय, प्रदीप शर्मा, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कर्नलगंज का विशेष योगदान रहा।

सामूहिक विवाह समारोह में 51 जोड़े ने थामा एक दूसरे का हाथ

कानपुर। अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती के शुभ अवसर पर अहिल्याबाई होल्कर शिक्षा एवं समाजोत्थान संस्थान एवं अखिल भारतीय पाल महासभा, शाखा कानपुर द्वारा 51 जोड़ों का 14वां सर्वधर्म सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का विशाल आयोजन डॉ. चिरंजीलाल राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज, किदवई नगर कानपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित करके हुआ एवं अहिल्याबाई होल्कर के संघर्षों को याद किया गया। अहिल्याबाई होल्कर इंसाफ की देवी थीं एवं न्याय की मूर्ति थी। अहिल्याबाई के शासनकाल में संपूर्ण प्रजा सुखा-शांति एवं समृद्धि से रहती थी इसलिये लोग उन्हे लोकमाता कहते थे। अलग-अलग स्थानों से आये 51 जोड़ो ने एक-दूसरे को जयमाला पहनाकर एक-दूसरे का हाथ थामा। बैंड-बाजों की धुन के बीच बारातियों ने इण्टर कॉलेज से बारात निकाली इसके बाद विवाह स्थल पर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार द्वारचार एवं अन्य कार्यक्रम हुए। मौजूदा लोगों ने जोड़ो पर पुष्प वर्षा कर बधाई दी। संरक्षक राजाराम पाल (पूर्व सांसद, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा) ने अपनी टीम के साथ लखनऊ से पधारे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत किया। प्रमुख अतिथिगण राजाराम पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पाल महासभा श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी सत्यदेव पचौरी सांसद, प्रकाश पाल निदेशक दिल्ली पब्लिक स्कूल, अभिजीत सिंह सांगा विधायक महेश त्रिवेदी ,विधायक राहुल बच्चा सोनकर विधायक स्वप्निल वरुण, एडवोकेट सियाराम पाल, ललित पाल , एडवोकेट मानसिंह, 8 अध्यक्ष जिला पंचायत, अमिताब बाजपेई विधायक सतीश निगम पूर्व विधायक, मुनीन्द्र शुक्ला आदि ने सभी 51 जोड़ो को आशीर्वाद दिया एवं सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करी।

भीषण तपती गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत तो लोगों ने कहा धन्यवाद

कानपुर। नौबस्ता, दासू कुआं स्थित साहू दि फैमिली रेस्टोरेंट में शरबत वितरण के कार्यक्रम काआयोजन किया गया। शरबत वितरण सुबह 11:00 बजे से दोपहर तक चलता रहा। रेस्टोरेंट प्रोपराइटर सुरेश कुमार साहू अपने स्टाफ के साथ स्वयं लोगों को शरबत पिला रहे थे। वहां से निकल रहे राहगीरों ने रूह अफजा व रसना दो तरह का शरबत पीकर उन्हें धन्यवाद दिया।

गर्मी की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत, ट्रक के केबिन में मिला था बेहोश

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र में गर्मी की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि महराजपुर थाना क्षेत्र में छिवली नदी के पास लव द ढाबा के पास फतेहपुर से कानपुर जाने वाली लेन पर एक ट्रक खड़ा था, जिसका ड्राइवर उसके केबिन में बेहोशी की हालत में पड़ा था। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और ट्रक चालक को बेहोशी की हालत में सरसौल स्थित सीएचसी ले गई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महाराजपुर पुलिस ने चालक की शिनाख्त लाइसेंस के आधार पर की। मृतक की पहचान राजेश कुमार सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी रसूलाबाद कानपुर देहात उम्र 55 वर्ष के रूप में की गई।

इधर पुलिस ने घटना की जानकारी ट्रक मालिक व उसके परिजनों को भी दे दी। महाराजपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल की, जिसमें पाया कि युवक के शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं मौजूद हैं। प्रथम दृष्टया गर्मी की चपेट में आने से चालक के मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में लगी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, पुरवामीर चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सचेंडी, नौबस्ता के बाद अब बर्रा में पुलिस की गुंडागर्दी

नॉनवेज देने से मना करने पर सिपाहियों ने दुकानदार को पीटा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शनिवार को एक बार फिर पुलिस की गुंडागर्दी का मामला सामने आया। बर्रा थानाक्षेत्र में नॉनवेज देने से मना करने पर पुलिसकर्मियों ने दुकानदार की सरिया से पिटाई कर दी। पिटाई में दुकानदार के आंख व कान में गंभीर चोट आई, शरीर में कई जगहों पर चोट के निशान है।

शिकायत करने डॉयल 112 के पहुंचने के बावजूद पुलिसकर्मी पीड़ित के साथ मारपीट करते रहे। थाने में सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने सीपी से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर ने मामले की जांच एसीपी नौबस्ता को सौंपी है।

पुलिस कमिश्नर ने मामले में जांच एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह को दी। एसीपी मंजय सिंह ने बताया कि दुकानदार व कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए है। सीसीटीवी फुटेज और गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस कर्मियों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रही है।

रतनलाल नगर निवासी शुभम सिंह गौतम ने बताया कि उनकी बर्रा छह पाल टावर के पास नानवेज की दुकान है। बताया कि बीते 29 मई की देर रात कार सवार पांच युवक नशे की हालत में दुकान पर आए और नानवेज की मांग की। उन्होंने खाना खत्म होने की जानकारी दी तो कार सवार युवक भड़क गए और रौब गांठते हुए खुद को सीसामऊ थाने का सब इंस्पेक्टर हिमांशु चौधरी बताया। जबकि उसके साथ मौजूद दूसरे युवक ने अपना परिचय दरोगा अरुण कुमार के रूप में दिया। इसके बाद भी शुभम ने खाना खिलाने में असमर्थता जताई। जिस पर दरोगा हिमांशु चौधरी भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हिमांशु और अरुण कर्मचारी को पीट दिया।

बीच बचाव करने पर आरोपियों ने तंदूर की सरिया से मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारी शंकर बाल्मीकि ने डायल 112 पर सूचना दी। इस पर पुलिस कर्मियों ने शंकर को भी पीट दिया। शुभम ने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो मोबाइल छीनकर तंदूर भट्ठी में डाल दिया। बताया कि डायल 112 की गाड़ी आने पर भी आरोपी पीटते रहे।

मारपीट के दौरान शुभम की आंख में गंभीर चोट आई, कान का पर्दा फट गया और पीठ व पैर में भी चोट आई। आरोप लगाया कि मामले की शिकायत जनता नगर चौकी व बर्रा थाने में की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। शनिवार को पीड़ित पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

व्यापारियों से मिले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बोले

कांप्लेक्स से नहीं उजड़ेंगे व्यापारी, हितों को देंगे प्राथमिकता

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कलक्टरगंज में बनने वाले कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स को लेकर शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और व्यापारियों के बीच संवाद हुआ। कलक्टरगंज कैंप कार्यालय में हुए इस संवाद में विधानसभा अध्यक्ष ने सरकारी प्रोजेक्ट के जरिए किसी भी व्यापारी को न उजाड़ने का आश्वासन दिया। यह भी कहा कि सरकारी प्रोजेक्ट में व्यापारियों का हित सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यक्रम आयोजक भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान कलक्टरगंज गल्ला मंडी के व्यापारी संजय राठौर, राजा गुप्ता, लाला गुप्ता, रूद्र गुप्ता, रमेश अग्रहरी,

कल्लू गुप्ता समेत कई व्यापारियों ने अपनी बात रखी। व्यापारियों की समस्याओं पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी व्यापारी का अहित नही होगा, सभी व्यापारियों का हित प्राथमिकता है। सरकार व्यापारियों का हित चाहती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी की दुकानें उजाड़ी नही जाएंगी। कोई भी सरकारी प्रोजेक्ट व्यापारियों का अहित नही कर सकता। सरकार खुद व्यापारियों की सहयोगी है। यह सरकार व्यापारी समाज को साथ लेकर चलने वाली सरकार है। इस सरकार में किसी भी व्यापारी का अहित नही होगा।

साइबर ठग ने कस्टमर केयर अधिकारी बनकर खाते से उडाए 1.40 लाख रुपए

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में शातिर साइबर ठग ने कस्टमर केयर अधिकारी बनकर एक युवक के खाते से कई बार में 1.40 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित का आरोप है, कि मामले की शिकायत साइबर सेल में की मगर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की। जिनके आदेश पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई। गंगागंज गांव निवासी हृदयेंद्र कुमार के अनुसार 16 मई को वह ऑनलाइन खरीदारी एवं बेचने के लिए सेलर आईडी बनाने के लिए फ्लिपकार्ड कस्टमर केयर का नंबर गूगल पर सर्च कर रहे थे। तभी उसमें एक नंबर मिला, बात करने वाले ने खुद को कस्टूमर केयर अधिकारी बताते हुए उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक खोलते ही उनके खाते से कई बार में 1.40 लाख रुपये निकल जाने का मैसेज आया। जब उन्होंने दोबारा उस नंबर पर कॉल किया तो फोन नहीं लगा। तब उन्हें अपने साथ ठगी का एहसास हुआ।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।